

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल
पेज 7



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 104 | ग्वालियर मंगलवार, 24 जनवरी 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## एक नजर

### महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख को रष्ट से राहत, ने दाखिल की थी ये याचिका



महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख को बड़ी राहत मिली है. बॉम्बे हाई कोर्ट से मिली जमानत के खिलाफ सीबीआई की याचिका सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (23 जनवरी) को खारिज कर दी. 100 करोड़ रुपये की वसूली मामले में 12 दिसंबर को हाई कोर्ट ने देशमुख को जमानत दी थी.चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस वी रामासुब्रमण्यम और जस्टिस जे बी पारदीवाला की पीठ ने कहा कि देशमुख (73) को संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भी जमानत दी गई है.  ने पिछले साल दिसंबर में भ्रष्टाचार के मामले में देशमुख को जमानत देने के हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था.हाई कोर्ट ने कहा था कि बर्खास्त पुलिस अधिकारी सचिन वाजे के बयान को छोड़कर, सीबीआई द्वारा रिकॉर्ड पर रखे गए किसी भी बयान से संकेत नहीं मिलता कि देशमुख के इशारे पर मुंबई में बार मालिकों से पैसा वसूला गया था.शीर्ष अदालत में दायर अपनी याचिका में जांच एजेंसी ने दावा किया कि उच्च न्यायालय ने देशमुख को जमानत देने में ''गंभीर त्रुटि'' की. जांच एजेंसी ने कहा कि उसकी आपत्तियों को नजरअंदाज कर दी गई जमानत से जारी जांच प्रभावित होगी.

### ट्रक और कार की टक्कर में  के 5 कर्मचारियों की मौत, अलप्पुझा में हुआ हादसा



केरल में इसरो के 5 कर्मचारियों की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई. ये घटना केरल के अलप्पुझा के पास तब हुई जब इन कर्मचारियों को ले जा रही कार एक ट्रक से टकरा गई. इस टक्कर के बाद 4 लोगों की तो मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति ने रास्ते में दम तोड़ दिया. हादसे में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है.अंबालाप्पुझा पुलिस ने बताया कि ट्रक और कार की भीषण टक्कर के बाद 4 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 1 की अस्पताल में मौत हो गई. पुलिस ने बताया कि ये सड़क हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग पर देर रात करीब एक बजकर 30 मिनट के आसपास हुआ. सड़क हादसे का शिकार होने वालों की पहचान प्रसाद, शिजू, अमल, सचिन और सुमोद के रूप में हुई है.जानकारी के अनुसार इन लोगों की कार तिरुवनंतपुरम की ओर जा रही थी, तभी आंध्र प्रदेश से अलप्पुझा जा रहे चावल से लदे एक ट्रक से उनकी टक्कर हो गई. अंबालाप्पुझा पुलिस के अनुसार कार में सवार पांच लोगों में से चार की मौके पर ही मौत हो गई और एक व्यक्ति ने अस्पताल में दम तोड़ दिया. कुछ खबरों में ये भी कहा गया है कि हादसे के शिकार हुए सभी युवक तिरुवनंतपुरम में इसरो की कैंटीन में काम करते थे.पुलिस के अनुसार मरने वालों में से चार तिरुवनंतपुरम के मूल निवासी थे जबकि एक कोल्लम का रहने वाला था. मृतकों के शवों को अलप्पुझा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है. ट्रक के ड्राइवर और उसके सहायक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है. अधिकारियों के मुताबिक ये पांचों लोग तिरुवनंतपुरम में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के भोजनालय में संविदा कर्मचारी थे. वे एक शादी समारोह में शामिल होने अलप्पुझा जा रहे थे.

### नॉर्थ-ईस्ट के रास्ते दिल्ली की राह आसान करने की तैयारी में ममता बनर्जी, क्या है रणनीति?



अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन ने हाल ही में ममता बनर्जी को पीएम के लिए सक्षम उम्मीदवार बताया है. इधर, टीएमसी भी सक्रिय हो गई है. दिल्ली की राह आसान करने के लिए ममता त्रिपुरा-मेघालय में चुनाव लड़ेंगी. नॉर्थ-ईस्ट के रास्ते दिल्ली की राह आसान करने की तैयारी में ममता बनर्जी, जानिए क्या है रणनीति?नॉर्थ-ईस्ट के तीन राज्य त्रिपुरा, मेघालय और नागालैंड में चुनावी तारीखों की घोषणा के बाद ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने सक्रियता बढ़ा दी है. तृणमूल कांग्रेस ने त्रिपुरा और मेघालय की सभी सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है. दोनों राज्यों की कमान ममता के भतीजे और पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी ने संभाल ली है. सूत्रों के मुताबिक फरवरी के मध्य में ममता बनर्जी खुद इन राज्यों में जाकर चुनावी कैंपेन करेंगी. इससे तय माना जा रहा है कि तृणमूल ने इन दोनों राज्यों के चुनाव में पूरी ताकत झोंक सकती है. बंगाल चुनाव 2021 में बंपर जीत के बाद ही ममता ने अन्य राज्यों में भी चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी थी. समर्थकों ने इसके बाद फिर से %हवाई चोटी दिल्ली जावे% (हवाई चप्पल दिल्ली जाएगा) का नारा लगाना शुरू कर दिया था.

# मैंने पीएम मोदी से कह दिया है कि.. बोले महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी

भगत सिंह कोश्यारी ने महाराष्ट्र के राज्यपाल के पद से हटने की इच्छा जताई है. राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि, ÷मैंने पीएम को अपनी सभी राजनीतिक जिम्मेदारियों से मुक्त होने की इच्छा से अवगत कराया.÷ ये जानकारी सोमवार (23 जनवरी) को राजभवन ने प्रेस रिलीज के जरिए शेयर की है. राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने हालिया मुंबई यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राजनीतिक जिम्मेदारियों से हटने की अपनी इच्छा के बारे में बताया था.राजभवन की ओर से जारी बयान में कहा गया, ÷राज्यपाल कोश्यारी ने अपना शेष जीवन पढ़ने, लिखने और अन्य इत्मीनान की गतिविधियों में बिताने की इच्छा व्यक्त की है.÷ कोश्यारी ने मीडिया को दिए एक बयान में कहा, ÷महाराष्ट्र जैसे महान राज्य- संतों, समाज सुधारकों और बहादुर सेनानियों की भूमि के राज्य सेवक या राज्यपाल के रूप में सेवा करना मेरे लिए पूर्ण सम्मान और सौभाग्य की बात थी.÷बयान में राज्यपाल ने कहा कि पिछले तीन साल से ज्यादा समय के दौरान महाराष्ट्र की जनता से मिले प्यार और स्नेह को मैं कभी नहीं भूल सकता. मुझे माननीय प्रधानमंत्री से हमेशा प्यार और स्नेह मिला है. बता दें कि, महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह



कोश्यारी कई बयानों को लेकर चर्चा में रहे हैं. उन पर विपक्ष ने पक्षपाती होने का भी आरोप लगाया है.हाल में उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज को लेकर बयान दिया था. जिसके बाद विपक्ष के साथ-साथ राज्य सरकार के कई नेताओं ने उनकी आलोचना की थी. दरअसल, राज्यपाल कोश्यारी ने बीते साल नवंबर में कहा था कि छत्रपति शिवाजी महाराज ÷पुराने दिनों÷ के आइकॉन थे. राज्य में आइकॉन के बारे में बात करते हुए उन्होंने बाबासाहेब अंबेडकर और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का जिक्र किया था. उन्होंने कहा था कि, पहले जब आपसे पूछा जाता था कि आपका आइकॉन कौन है तो जवाहरलाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस और महात्मा गांधी का जवाब होता था. महाराष्ट्र में आपको कहीं और देखने की जरूरत नहीं है क्योंकि यहां बहुत सारे आइकॉन हैं. जहां छत्रपति शिवाजी महाराज पुराने जमाने के हैं, वहीं अंबेडकर और नितिन गडकरी हैं. इससे पहले भी कोश्यारी  के एक बयान को लेकर हंगामा हुआ था. जुलाई 2022 में उन्होंने कहा था कि अगर महाराष्ट्र से गुजराती और राजस्थानी हट जाएंगे तो मुंबई देश की आर्थिक राजधानी होने का अपना स्टेट्स खो देगी. उनकी इस टिप्पणी पर सभी पार्टियों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी थी. बाद में उन्होंने एक माफीनामा जारी करते हुए कहा था कि मुंबई  के विकास में कुछ समुदायों के योगदान की सराहना करते हुए शायद मैंने गलती की.

## जम्मू-कश्मीर में क्या है कांग्रेस के लिए सबसे बड़ा मुद्दा? राहुल गांधी ने बताया

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी  ने जम्मू-कश्मीर के लिए पूर्ण राज्य के दर्जे को सबसे बड़ा मुद्दा बनाया. सोमवार (23 जनवरी) को उन्होंने यहां स्टेटहुड को लेकर कहा, ÷हम जम्मू-कश्मीर में स्टेटहुड को वापस लाने में दम लगा देंगे. राज्य के लिए स्टेटहुड से बड़ा कोई मुद्दा नहीं है.÷

**राहुल बोले- जम्मू में सबसे ज्यादा बेरोजगारी**-राहुल गांधी ने कहा,मुझे यह देखकर दुख होता है कि जम्मू-कश्मीर को बाहर के लोग चला रहे हैं. उनको (बीजेपी) नहीं दिख रहा कि हिंदुस्तान में सबसे अधिक बेरोजगारी जम्मू में है. कश्मीरी पंडितों के साथ सरकार अन्याय कर रही है. राहुल ने कहा, मैं हैरान हुआ जब उनसे मिलने आया तो कश्मीरी पंडितों ने कहा कि हमारा प्रतिनिधिमंडल एलजी से मिलने गया था तो उन्होंने डेलिगेशन को कहा कि आपको भीख नहीं मांगनी चाहिए.÷

**कश्मीरी पंडित भीख नहीं, अपना हक मांग रहे हैं**-राहुल बोले, मैं एलजी से कहना चाहता हूं कि ये भीख नहीं, अपना हक मांग रहे हैं. एलजी को इनसे माफी मांगनी चाहिए. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी स्टेटहुड का मुद्दा उठाएगी. स्टेटहुड को वापस लाने में हम दम लगा देंगे.÷



**लोगों के प्यार और मोहब्बत से हमें ठंड नहीं लगती**-राहुल ने कहा, मैंने पहले ही कहा था कि हम नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने निकले हैं. इस यात्रा के दौरान हर प्रदेश में हमें यह दुकान दिखी. ऐसे समय में जबकि लोकतंत्र पर आक्रमण हो रहा है और यह आप समझते हो. हमने देश के मुद्दों पर बोलना चाहा, तो लोकसभा में माइक बंद कर दिया जाता था. हमारी इस यात्रा से लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी. लोग एक-दूसरे से जुड़ रहे हैं. हमें आप इतना प्यार और मोहब्बत दे रहे हो कि ठंड नहीं लगती.

### मैं नहीं जानता शाहरुख खान को, जब उन्होंने मैसेज किया तो.., फिर बोले असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा

बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान  के बारे में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा का एक बयान चर्चा में आ गया. मुख्यमंत्री ने कहा था कि कौन है शाहरुख खान वे उसे नहीं जानते. उसके अगले दिन मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने खुद ट्वीट कर बताया कि उन्हें रात 2 बजे कॉल आया था. कॉल एक्टर शाहरुख खान ने किया, जिसमें वो अपनी मूवी पठान की स्क्रीनिंग को लेकर फिक्रमंद थे.शाहरुख से बातचीत होने पर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, मैंने उन्हें आश्वासन दिया है कि कानून और व्यवस्था बनाए रखना राज्य सरकार का कर्तव्य है. हम सुनिश्चित करेंगे कि फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान कोई विवाद न हो. मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने उन्हें भरोसा भी दिया है कि असम में कोई दिक्कत नहीं होगी.इससे पहले शनिवार को गुवाहाटी में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शाहरुख की फिल्म पठान देखने से मना कर दिया था.

## देश तानाशाही की ओर बढ़ रहा...धमकी दी जा रही है, उद्धव ठाकरे का केंद्र पर हमला



महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने सोमवार (23 जनवरी) को कॉलेजियम सिस्टम में बदलाव की केंद्र सरकार की मांग को लेकर जमकर हमला बोला. शिवसेना (ठाकरे समूह) पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि हमारा देश तानाशाही की ओर बढ़ रहा है और ये दिखाई दे रहा है. जो न्याय व्यवस्था बची हुई है, उस न्याय व्यवस्था को धमकियां दी जा रही हैं. ये किस लोकतंत्र की पहचान है. केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू पर निशाना साधते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि मतलब इनको न्याय व्यवस्था भी अपने अधीन लेनी है. अगर ऐसे ही सब कुछ रहेगा तो देश में लोकतंत्र कहां बचा? किरेन रिजिजू को जो अचानक एहसास हुआ की संविधान सर्वोच्च है. क्या ये संविधान के तहत आता है. संविधान ने सभी को उनके अधिकार दिए हैं. उन्होंने कहा कि लोकतंत्र खतरे में है और राजनीतिक लाभ के लिए देश की केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है. देश में मौजूदा तानाशाही से लड़ने के लिए महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के साथ गठबंधन समय की जरूरत है. कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने एक हफ्ते पहले सीजेआई को कॉलेजियम सिस्टम में सरकारी प्रतिनिधित्व को शामिल करने की मांग करते हुए पत्र लिखा था. पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने आगामी मुंबई निकाय चुनावों से पहले सोमवार को प्रकाश अंबेडकर की वंचित बहुजन अगाड़ी (वीबीए) के साथ गठबंधन की घोषणा की ह

### प्रकाश अंबेडकर के साथ से क्या बढ़ेगी उद्धव ठाकरे की ताकत, फिलहाल पार्टी अध्यक्ष बने रहने पर है संकट



जब से एकनाथ शिंदे ने शिवसेना का अलग गुट बना लिया है, महाराष्ट्र की राजनीति में उद्धव ठाकरे हाशिए पर नज़र आ रहे हैं. प्रकाश अंबेडकर का सहारा लेकर वे अपनी सियासी ताकत बढ़ाना चाहते हैं.प्रकाश अंबेडकर के साथ से क्या बढ़ेगी उद्धव ठाकरे की ताकत, फिलहाल पार्टी अध्यक्ष बने रहने पर है संकटमहाराष्ट्र की राजनीति में बालासाहेब ठाकरे का लंबे वक्त तक दबदबा रहा था. लेकिन आज उनकी पार्टी शिवसेना दो धड़े में बंट चुकी है. एक तरफ खुद उनके बेटे और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे  हैं, तो दूसरी ओर कभी बालासाहेब ठाकरे के करीबी रहे और फिलहाल महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे शिवसेना पर अपनी दावेदारी जता रहे हैं.महाराष्ट्र की सत्ता हाथ से जाने के बाद उद्धव ठाकरे अपनी सियासी जमीन को मजबूत करने के लिए हर दांव-पेंच आजमा रहे हैं. इस बीच बतौर शिवसेना अध्यक्ष उनका कार्यकाल 23 जनवरी तक ही है. ऐसे में ये सवाल उठ रहा है कि क्या उद्धव ठाकरे शिवसेना के अध्यक्ष बने रहेंगे.यहां पर सबसे बड़ी समस्या ये है कि उद्धव ठाकरे गुट और एकनाथ शिंद गुट के बीच की लड़ाई पर अभी चुनाव आयोग की ओर से कोई फैसला नहीं किया गया है.

## नेताजी और का एक ही लक्ष्य है सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर बोले संघ प्रमुख मोहन भागवत

महान क्रांतिकारी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती के मौके पर रुस्र के चीफ मोहन भागवत ने कहा कि नेताजी और हमारे रास्ते अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन दोनों के लक्ष्य एक हैं. हमें भारत को विश्?व गुरु बनाना है.राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ  के चीफ मोहन भागवत  ने कहा कि उनके राइट-विंग ऑर्गनाइजेशन और नेताजी सुभाष चंद्र बोस का लक्ष्य एक ही है- भारत को एक महान राष्ट्र बनाना.आरएसएस और स्वतंत्रता सेनानी की विचारधारा समान नहीं होने को लेकर जारी बहस के बीच मोहन भागवत ने नेताजी की 126वीं जयंती के मौके पर सोमवार (23 जनवरी) को यह बयान दिया. वहीं, आरएसएस के आलोचक यह कहते रहे हैं कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस धर्मनिरपेक्षता में विश्वास करते थे, जो कि ''आरएसएस की हिंदुत्ववादी विचारधारा के विपरीत है.''

**नेताजी की जयंती पर मोहन भागवत का संबोधन**-भारत के स्वतंत्रता संग्राम में नेताजी के



योगदान की सराहना करते हुए मोहन भागवत ने सभी से सुभाष चंद्र बोस के गुणों व शिक्षाओं को आत्मसात करने और देश को ''विश्व गुरु'' बनाने की दिशा में काम करने का आग्रह किया. उन्होंने कोलकाता में कहा, ''हम नेताजी को केवल इसलिए याद नहीं करते क्योंकि हम स्वतंत्रता संग्राम में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए उनके आभारी हैं, बल्कि साथ ही यह भी हमें सुनिश्चित करते हैं कि हम उनके गुणों को भी आत्मसात करें.''भागवत ने कहा, ''सुभाष बाबू (नेताजी) पहले कांग्रेस से जुड़े थे और उन्होंने 'सत्याग्रह' तथा 'आंदोलन' के मार्ग का अनुसरण किया, लेकिन जब उन्हें एहसास हुआ कि यह काफी नहीं है और स्वतंत्रता के लिए लड़ने की जरूरत है तो उन्होंने इसके लिए काम किया. तो हमारे रास्ते अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन लक्ष्य एक हैं.'आरएसएस चीफ बोले, ''अनुसरण करने के लिए सुभाष बाबू के आदर्श हमारे सामने मौजूद हैं. उनके जो लक्ष्य थे, वही हमारे भी लक्ष्य हैं.'' उन्होंने कहा कि नेताजी ने कहा था कि भारत को दुनिया के लिए काम करना चाहिए और ''हमें यही लक्ष्य हासिल करने के लिए काम करना है.''

## भाषण के मामले में सीएम योगी के खिलाफ एफ आई आर की मांग पर एस ने कहा:सिर्फ प्रचार के लिए दाखिल की जाती हैं

सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ  की तरफ से 2018 में दिए गए एक भाषण के लिए केस दर्ज करने की मांग ठुकरा दी है. सुप्रीम कोर्ट (स्ह्वश्वह्द्गद्ग ष्टश्वह्वह्ल) ने सोमवार (23 जनवरी) को कहा कि ऐसी याचिकाएं सिर्फ प्रचार के लिए दाखिल की जाती हैं. न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने कहा कि वह मामले में हस्तक्षेप करना नहीं चाहती.पीठ ने कहा कि ऐसे मुकदमे सिर्फ अखबारों के लिए होते हैं. इसे खारिज किया जाता है. राजस्थान के अलवर में दिए भाषण में सीएम योगी ने कथित रूप से



भगवान हनुमान के बारे में विवादित टिप्पणी की थी. इलाहाबाद हाई कोर्ट की तरफ से याचिका खारिज किए जाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे याचिकाकर्ता को यहां भी लगा झटका है. ये याचिका मऊ जिले के नवल किशोर शर्मा ने दायर की थी. याचिकाकर्ता के अनुसार, योगी आदित्यनाथ ने 23 नवंबर 2018 को राजस्थान के अलवर में एक चुनावी भाषण में उनकी धार्मिक भावनाएं आहत की थीं. याचिकाकर्ता के अनुसार, योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा चुनाव के संबंध में मालाखेड़ा, अलवर में एक जनसभा को संबोधित किया था जिसमें उन्होंने भगवान बजरंगबली के लिए कुछ शब्द कहे थे जिससे जनता की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची.सुप्रीम कोर्ट  का रुख करने से पहले याचिकाकर्ता ने मऊ की जिला अदालत में मुख्यमंत्री योगी  के भाषण के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी जिसे खारिज कर दिया गया था. इसके बाद उन्होंने हाई कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की जिसे भी क्षेत्रीय न्यायाधिकार के आधार पर खारिज कर दिया गया. इलाहाबाद हाई कोर्ट ने साथ ही याचिकाकर्ता पर 5,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया था.

# विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही ग्रामीण अध्यक्ष कि घोषणा

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**



**दमोह।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ ने प्रदेश के कई जिलों के अध्यक्षों पदों पर फेरबदल करते हुए कांग्रेस संगठन में जमीनी स्तर पर जु? युवाओं एवं वरिष्ठों को जिला कांग्रेस अध्यक्ष की जबावदारी सौंपी हैं। इस तारतम्य में दमोह जिले के वरिष्ठ नेता रतनचंद जैन को ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया हैं नये पदभार को सँभालने के पूर्व समस्त कार्यकर्ताओ के साथ अस्पताल चौराहे पर पहुंचकर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। ज्ञात हो कि पूर्व में भी उन्होंने जिला कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए संगठन की गतिविधियों में सक्रिय भागेदारी कर जिले के जनहित से जु? कार्यों में अहम जिम्मेदारी का निर्वहन किया है। उनके नवीन दायित्व कि जिम्मेदारी मिलने पर विधायक अजय टंडन, पूर्व विधायक मुकेश नायक, राजा पटैरिया, प्रताप सिंह, मनु मिश्रा, जिला पंचायत प्रतिनिधि गौरव पटैल, नगर पालिका अध्यक्ष मंजू वीरेन्द्र राय, शंकर राय, तेजीराम रोहित, सतीश जैन, रजनी ठाकुर, भगवान दास चौधरी, मानक पटेल, परम यादव, प्रदीप पटेल, तिलक सींग, वीरेन्द्र दवे, संजय चौरसिया, ललित नायक, मनीषा दुबे, निधि श्रीवास्तव, रूद्रप्रताप सिंह, लक्ष्मण सींग, वीरेन्द्र ठाकुर, राजेश तिवारी, नितिन मिश्रा, रोहन पाठक, शमीम कुरैशी, अजय जाटव, सरवर पठान, रफीक खान, अफजल खान सहित जिले के समस्त ब्लाक अध्यक्ष,मंडलम सेक्टर अध्यक्षों, पार्षदों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

# अजाक्स संघ 29 जनवरी को रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जायेगा

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** अजाक्स संघ जिला की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें दमोह जिले की सातों तहसीलों के तहसील व ब्लाक अध्यक्षों सहित कार्यकारिणी को आमंत्रित किया गया सर्वप्रथम बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक प्रारंभ की गई जिसमें 29 तारीख के रैली,ज्ञापन के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। समस्त तहसील ब्लाक अध्यक्षों सहित कार्यकारिणीयों को जिम्मेदारी सौंपी गई कि किस प्रकार 29 जनवरी के रैली ज्ञापन को सफल बनाया जाए।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ.मोहन सिंह आदर्श द्वारा उपस्थित सभी से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या बल के साथ ज्ञापन में शामिल हो ताकि कर्मचारियों के साथ समाज की अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को अधिकार मिल सके इस अवसर पर जिला संरक्षक अजाक्स प्रताप रोहित ने उद्बोधन में बताया गया किस प्रकार लोगों तक बात पहुंचाई जा सकती अनेक संसाधनों पर चर्चा की गई। जिला संरक्षक नारायण सिंह ठाकुर पूर्व एसडी एम, बीएल रोहित, मुन्नी लाल अहिरवार, आरडी अहिरवार, कंछेदी लाल अहिरवार संभागीय उपाध्यक्ष, महासचिव इंजी.टी चौधरी, नारायण सिंह मराबी, राजू सनकत, उपाध्यक्ष ओपी राज, वाय के कोरी प्राचार्य, आनंद कड़ेरे संभागीय सचिव, पप्पू बाल्मीकि, सुरेंद्र, बालाराम अहिरवार तहसील अध्यक्ष हटा, जमना प्रसाद



अहिरवार तहसील अध्यक्ष पटेरा, डॉ राजेश अहिरवार ब्लॉक अध्यक्ष तेंदूखेड़ा, आशाराम अहिरवार ब्लॉक अध्यक्ष जबेरा, केएल अहिरवार जिला सचिव, वाय के कोरी प्राचार्य, सुरेंद्र कटहरे प्राचार्य, डॉ सुभाष अहिरवार, प्रमोद अहिरवार, तुलसीराम अहिरवार, कैलाश अहिरवार, रमेश अहिरवार, राकेश अहिरवार, रूपनारायण अहिरवार, अजय अहिरवार, बी एल अहिरवार, ललित अहिरवार सहित सदस्यों की उपस्थिति रही बैठक के अंत मे तुलाराम अहिरवार जिला कोषाध्यक्ष द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# सम्पुटित शतचंडी के द्वितीय दिवस में हुई माता तारा देवी की पूजा

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**



**दमोह।**भगवती बड़ी देवी मंदिर में चल रहे सम्पुटित शतचण्डी महायज्ञ के द्वितीय दिवस मे माता तारा देवी का पूजन सम्पूर्ण बिधि बिधान से समपन्न कराया गया यज्ञाचार्य पंडित रवि शास्त्री जी महाराज ने बताया कि गुप्त नवरात्रि के दूसरे दिन देवी तारा का पूजन किया जाता है. देवी तारा दस महाविद्या में से दूसरी देवी हैं, तांत्रिक परंपराओं में, उन्हें दुर्गा, पार्वती या महादेवी का अवतार माना जाता है. देवी तारा भक्त के आत्मज्ञान की यात्रा के साथ-साथ सांसारिक सुखों की भी रक्षा करती हैं. कुछ परंपराओं में, तारा विभिन्न रूपों में प्रकट होती है;जिसमें से एक में करुणा और शांति का अवतार, और अन्य में रक्षक और बाधाओं पर विजय दिलाने वाली हैं. देवी तारा का पूजन तंत्र साधकों के लिए विशेष समय होता है जो गुप्त शक्तियों को प्राप्ति के लिए शुभ होता है.देवी तारा की पूजा को तामसिक एवं सात्विक दोनों रूपों में किया जाता रहा है. देवी का ये शक्ति रुप सृष्टि के कल्याण हेतु और ब्रह्माण्ड की सुरक्षा में विशेष क्रियाशील होता है माँ तारा का पूजन एवं मंत्र का जाप जीवन की उथल-पुथल, चिंताओं से निपटने में मदद करता है. मां तारा मंत्र मोक्ष के मार्ग पर आगे बड़ने में मदद करता है. सिद्धि की देवी होने के कारण देवी तारा को सफलता के लिए पूजा जाता है. माँ तारा जिसे एक उदार, दयालु, सौम्य रूप के साथ ही भयंकर शत्रुओं के नाश करने वाला रुप भी वर्णित किया जाता है. पवित्रता और शुद्ध पूजा के साथ देवी का पूजन सुख प्रदान करता है. एक कथा के अनुसार संसार को विनाश से बचाने के लिए सागर मंथन के दौरान भगवान शिव ने विष पी लिया था, लेकिन विष के प्रबल और शक्तिशाली प्रभाव के कारण भगवान शिव अचेत होने लगते हैं तब उस समय देवी दुर्गा ने तारा के रूप में प्रकट होकर भगवान शिव की रक्षा की, ऐसे में देवी संपूर्ण सृष्टि की सुरक्षा करने वाली मां हैं.देवी तारा का गुप्त नवरात्रि में पूजन करने से जीवन में शुभ मंगल योग बनाने वाली ग्रहों की स्थिति को और भी मजबूती प्रदान करती है. ग्रह जीवन में शुभता प्रदान करते हैं. देवी तारा का पूजन करने से कर्ज या ऋण जैसी परेशानियों से निजात मिलती है. देवी तारा के पूजन से व्यवसाय आदि के संचालन में होने वाली बाधाएं दूर होती है देवी तारा के पूजन से शिक्षा और करियर में लगातार सफलता प्राप्त होती है. देवी तारा का पूजन करियर की पदोन्नति के लिए बहुत सहायक होता है देवी तारा का पूजन बाधा दोष एवं नजर दोष जैसी नकारात्मक ऊर्जाओं को समाप्त करता है।



# 21 वर्षों बाद आचार्य विनिश्चय सागर जी का नगर आगमन एवं गुरुमिलन

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** पथरिया नगर के इतिहास में सोमवार का दिन स्वर्णिम अवसर का आया जब 21 वर्षों उपरांत नगर गौरव आचार्य श्री 108 विनिश्चय सागर जी का भव्य स्वागत के साथ नगर आगमन हुआ एवं अपने दीक्षा गुरु गणाचार्य श्री 108 विराग सागर जी महाराज के दर्शन पारस नाथ दिगंबर जैन बड़े मंदिर में किये।आगवानी जूलूस इतना भव्य था कि 2 किलोमीटर में बैंड, डीजे,घोडाबग्गी,रथ,महिला दिव्यघोष, बालक दिव्यघोष एवं हजारों श्रद्धालुओं का हुजूम साथ था।कार्यक्रम में टीकमगड़ से 7 बसे एवं सागर ,छतरपुर, बंडा, दमोह एवं सम्पूर्ण बुंदेलखंड के हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति हुई।आचार्य श्री 108 विराग सागर जी महराज के सानिध्य में 1 फरवरी से आयोजित महामहोत्सव में 350 जैन साधुओं के साथ लाखो श्रद्धालुओं का आगमन होगा।कार्यक्रम के उपरांत रोहित जैन ने आभार प्रकट किया।

# पांच दिवसीय कांवड़ यात्रा पहुंची विधानसभा दमोह के इमलिया घाट

**रीतेश अवस्थी**



**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** पांच दिवसीय संकल्प कावड पद यात्रा तीसरे दिन विधानसभा दमोह पहुंची जहाँ पर लोगो ने भक्तों का जगह जगह फूल माला पहनाकर स्वागत किया ।ग्राम पंचायत झापन में राहुल सिंह अध्यक्ष वेयरहाउसिंग लॉजिस्टिक्स एंड कॉरपोरेशन ने सभी कावड यात्रियों के साथ बैठकर दोपहर का भोजन करके ग्राम पंचायत लकलका, डुहली, सोमखेड़ा होते हुए कावड़ यात्रा को लेकर इमलिया घाट पहुंची। जहाँ सभी का रात्रि में विश्राम किया जाएगा। इस अवसर पर जब पुष्पांजली टीम ने राहुल सिंह से चर्चा कि यात्रा निकालने का मुख्य उद्देश्य क्या है तो उनका कहना था कि यह संकल्प कावड पद यात्रा को निकालने का उद्देश्य हमारा देश और मध्यप्रदेश खुशहाल हो एवं सभी जगह सुख शांति और समृद्धि बनी रहे साथ ही दमोह शहर पर भगवान जागेश्वर नाथ की कृपा हो इसी उद्देश्य को लेकर हम यह यात्रा को प्रतिवर्ष निकालते है जो बरमान घाट से प्रारम्भ होकर बांदकपुर धाम पहुंचती है यह पैदल यात्रा हर वर्ष कि तरह इस वर्ष भी समस्त भक्तों के साथ मिलकर बसंत पंचमी के दिन जागेश्वर नाथ पहुंचेगी एवं मां नर्मदा के जल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक एवं उनका आशीर्वाद लिया जाएगा एवं उनसे कामना की जाएगी कि हमारा शहर सुख समृद्धि और शांति का प्रतीक बने ऐसी कामना हम भगवान भोलेनाथ से करेगे।

# विद्यार्थी परिषद का जिला छात्र सम्मेलन एवं छात्र शक्ति महाकुंभ का हुआ आयोजन

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महाकौशल प्रांत जिला दमोह के द्वारा विद्यार्थी परिषद के 75 वर्ष पूर्ण होने पर जिला छात्र सम्मेलन( छात्र शक्ति महाकुंभ) का आयोजन स्थानीय तहसील ग्राउण्ड में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि न्यायाधीश प्रकाश उइके , विशिष्ट उपस्थिति निरंजन , स्वागत समिति अध्यक्ष पवन जैन , स्वागत समिति सचिव राघवेंद्र सेन , विभाग सयोजक श्रीराम रिक्षरया ,जिला सह संयोजक राहुल कुमार नगर मंत्री सत्यम सिंह राजपूत, नगर उपाध्यक्ष राहुल चौहान ,प्रान्त कार्यकारणी सदस्य दीपिका ठाकुर की अतिथि के रूप में उपस्थिति रही। कार्यक्रम में माँ सरस्वती जी एवं युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन सत्र का संचालन मयन मिश्रा ने किया। स्वागत समिति के अध्यक्ष व सचिव ने अतिथियों एवं जिला छात्र सम्मेलन में छात्रों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। उद्घघाटन सत्र में मुख्य वक्ता श्री निरंजन जी ने कहा विद्यार्थी परिषद एक वैचारिक आंदोलन हैं ,जिसने सम्पूर्ण





भारतवर्ष में वैचारिक आंदोलन की एक अलग जगाई हैं। परिषद ने अपने अनेक अनेकों कार्यक्रमों गतिविधियों एवं आंदोलनों के माध्यम से राष्ट्र के निर्माण में इस देश की छात्र शक्ति को एक सूत्र में पिरोने का काम किया हैं। कार्यक्रम के पश्चात शोभायात्रा प्रमुख मार्गो निकाली गई। जिसमें शोभायात्रा में नगर वासियों द्वारा जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यात्रा के पश्चात अंबेडकर चौराहा पर खुले मंच का कार्यक्रम किया गया। जिसमें छात्र नेताओं ने भाषण दिए। जिसका मंच संचालन शिवम नामदेव ने किया। छात्र नेता हर्षप्रतीक कुसमरिया, प्रान्त कार्यकारणी सदस्य नमन सांडिल, प्रभांशु ,भाग सयोंजक मयन मिश्रा,अतिथि के रूप में उपस्थित रही। छात्र नेताओं ने वर्तमान में महाविद्यालय एवं विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था के वारे में अपने विचार व्यक्त किए। जिसमें प्रमुख रूप से उपस्थित प्रान्त सह संगठन मंत्री मनोज यादव , जिला संगठन मंत्री आदित्य बरमेया,कार्यक्रम प्रमुख नीलेश राठौर भाग सयोंजक मनोज पटैल, निवेश, दिलीप सुमन,प्रमोद अहिरवार नितेश ठाकुर,राहुल पटेल आदि के अलावा बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

# नगर परिषद रन्नौद की बिटिया ने किया नगर का नाम रोशनलोगों ने दी बधाई

**संवाददाता**
**प्रदीप जैन**
**रन्नौद**



पिता शैलेंद्र महाबने ने कहा मेरी बेटी पर मुझे गर्व है जिस तरह छोटी सी उम्र में परिवार का व नगर का नाम रोशन किया है सभी का आशीर्वाद बना रहे और ऐसे ही आगे बढ़ती रहे मेरी बिटिया गुना में आयोजित किड्स फैशन वीक शो मैं शानवी महावने पुत्री शैलेन्द्र- दिव्यानी महावने रन्नौद ने फर्स्ट रनर अप का खिताब किया अपने नाम जिसमे कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गुना की पूर्व मिसेज इंडिया वर्ल्ड वाइड दुबई के द्वारा रन्नौद की वेटी शानवी उ? मिस्टी को ?शन शो मे फस्ट रनर अप का खिताब ट्रोफी देकर किया सम्मानित ओर रैंप पर शानवी के साथ कैडवाक भी किया

# पालक मंत्री हरदीप सिंह डंग का लांजी नगर में प्रथम आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

## रमेश जी की भोपाल मे मजबुती देखने को मिलती है- हरदीप सिंह डंग

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**
**बालाघाट**

मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री एवं बालाघाट जिले के पालक मंत्री हरदीप सिंह डंग जो कि विभिन्न योजनाओ अन्तर्गत विकास कार्यो के भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में बालाघाट 22 जनवरी को पंहुचे थे वंही भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे के विशेष आमंत्रण पर 23 जनवरी को लांजी पंहुचे जहां रमेश भटेरे के द्वारा अपने पूज्य बाबूजी की स्मृति में वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडीयम में लांजी प्रीमियर लीग का आयोजन करवाया जा रहा है प्रतियोगिता के यह 14वें वर्ष में जिले के प्रभारी मंत्री हरदीप सिंह डंग ने शिरकत की, जहां गरम जोशी के साथ भाजपा पदाधिकारियो एवं कार्यकताओ ने हरदीप सिंह डंग का स्वागत वंदन किया। इस दौरान आपके साथ रमेश भटेरे जिलाध्यक्ष भाजपा, कलेक्टर गिरीश मिश्रा, एसपी समीर सौरभ सहित लांजी एवं किरनापुर के भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**स्टेडीयम मे उपस्थित खेल प्रेमियो का मंत्री डंग ने किया अभिवादन-**प्रभारी मंत्री हरदीप सिंह डंग एवं भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे प्रतियोगिता स्थल पर पंहुचे जहां सर्वप्रथम आपने स्टेडीयम मे उपस्थित खेल प्रेमियो का एवं जनता जनार्दन का हाथ जोडकर अभिवादन किया, तत्पश्चात बीच मैदान मे पंहुचे जंहा मध्यप्रदेश के मुरैना जिले से आई टीम एवं छत्तीसगढ के कवर्धा जिले से आई टीम से मुलाकात की, तथा दोनों टीमों को शुभकामनाऐं प्रेषित की, इस दौरान अपने पुराने दिन याद करते हुये कुछ समय के लिये बल्ला भी थामा एवं बल्लेबाजी की तथा रमेश भटेरे के द्वारा गेंदबाजी का प्रभार संभाला गया, इन क्षणो का प्रभारी मंत्री श्री डंग ने भरपुर आनंद लिया।

**मंत्री श्री डंग का भाजपा पदाधिकारियो एवं**



**कार्यकर्ताओ ने किया भव्य स्वागत-**लांजी नगर में प्रथम नगर आगमन पर भाजपा पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ताओ सहित नगर परिषद लांजी के द्वारा प्रभारी मंत्री हरदीप सिंह डंग का ढोल नगाड़ो एवं आतिशबाजियो के साथ भव्य स्वागत किया गया तदोपरांत प्रभारी मंत्री हरदीप सिंह डंग, भाजपा जिलाध्यक्ष के साथ प्रतियोगितया स्थल पर बने मंच पर पंहुचे जहां आपने मॉ सरस्वती, मॉ भारती सुभाष चंन्द्र बोस के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर नमन वंदन किया। इसके पश्चात मंचासीन हुये जहां समस्त भाजपा परिवार के द्वारा मंत्री जी का पुष्प मालाऐं भेंट कर स्वागत सत्कार किया गया।

**रमेश जी की भोपाल मे मजबुती देखने को मिलती है-** हरदीप सिंह डंगप्रभारी मंत्री हरदीप सिंह डंग ने प्रतियोगिता के दौरान मंच से संबोधित करते हुये सर्वप्रथम स्व श्री दिलीप भटेरे जी को श्रृद्धा सुमन अर्पित करते हुये नमन किया तथा कहा की आज उनके पुत्र के द्वारा अपने बाबूजी की स्मृति में लगातार इस चौंदवे वर्ष में भी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जा रहा है। मैं रमेश भटेरे को धन्यवाद देता हूं कि इतना सुंदर आयोजन और इतनी बेहतरीन टीमें यहां पर हिस्सा ले रही है इस टूर्नामेंट में अन्य राज्यों से भी टीमें यहां शिरकत कर रही हैं। इन टीमों को यहां खेलते हुए देखा जा सकता है इससे यह प्रतीत होता है कि इस शहर में इतना बड़ा आयोजन करना बहुत बड़ी बात है। इस भव्य टूर्नामेंट के लिए मैं रमेश दिलीप भटेरे को बधाई देता हूं शुभकामनाएं देता हूं। साथ ही खिलाडियो को भी शुभकामनाऐं प्रेषित करता हूँ इन खिलाडि?ो से यह सीखने को मिलता है कि अनुशासन क्या होता है लक्ष्य क्या होता है हार जीत तो एक हिस्सा है लेकिन जो हार कर जीते वही बाजीगर कहलाता है। आपने भाजपा जिलाध्यक्ष की तारीफ करते हुये कहा कि भारतीय जनता पार्टी बालाघाट के जिला अध्यक्ष रमेश भटेरे इनकी भोपाल में जो मजबूती है वह देखते ही बनती है क्योंकि जब भी बालाघाट जिले का नाम आता है साथ में रमेश भटेरे का भी नाम अवश्य आता है।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर हुआ संवाद एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

# कर्तव्य पथ पर नेताजी की प्रतिमा स्थापित कर प्रधानमंत्री मोदी ने दिया उचित सम्मान -कृष्णा पटैल

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** नेहरू युवा केंद्र जिला दमोह (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की 126 वीं जयंती को पराक्रम दिवस के के रूप में मनाया गया है इसी आज जिला युवा अधिकारी सुधीर सिंह एवं लेखापाल तेजखान के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था छात्र क्रांति दल एवं छात्र सर्व कल्याण समिति दमोह के सहयोग से शासकीय हाई स्कूल खोजाखेड़ी में संवाद कार्यक्रम एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया7 कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के जीवन पर प्रकाश डाला तो वही छात्र-छात्राओं ने चित्र बनाकर नेताजी को याद कि चित्रकला प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान सरस्वती पटैल,द्वितीय श्रद्धा लोधी एवं तृतीय स्थान प्राची खंगार ने प्राप्त किया जिन्हें उपस्थित अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत खोजाखेड़ी सरपंच श्याम पटैल रहे मुख्य वक्ता विधालय के वरिष्ठ शिक्षक ह्रदेश सिंह परिहार रहे विशेष अतिथि के रूप में रजनीश तिवारी, देवेंद्र कुमार सोनी, मनोज कुमार जैन, चेतन सिंह चंदेल, रामकृष्ण पटैल, शैलेश कुमार दुबे एवं कार्यक्रम संयोजक यूथ अचीवर्स कृष्णा पटैल रहे7 सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ नेता जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन कर किया गया7 मुख्य वक्ता एवं वरिष्ठ शिक्षक ह्रदेश सिंह परिहार ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सुभाष चन्द्र बोस जी भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। द्वितीय विश्वयुद्ध के



दौरान, अंग्रेज़ों के खिलाफ लड़ने के लिए, उन्होंने जापान के सहयोग से आज़ाद हिन्द फ़ौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। ऐसे वीर क्रांतिकारियों के जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए7 यूथ अचीवर्स कार्यक्रम संयोजक एनवाईवी कृष्णा पटैल ने कहा कि सर्वप्रथम हमें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभारी होना चाहिए कि उन्होंने दिल्ली में स्थित राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ करते हुए वहां नेताजी की आदमकद प्रतिमा को स्थापित कर उचित सम्मान देने का कार्य किया है सुभाष चंद्र बोस जी के मन में देशप्रेम, स्वाभिमान और साहस की भावना बचपन से ही बड़ी प्रबल थी। वे अंग्रेज शासन का विरोध करने के लिए अपने भारतीय सहपाठियों का भी मनोबल बढ़ाते थे। अपनी छोटी आयु में ही सुभाष ने यह जान लिया था कि जब तक सभी भारतवासी एकजुट होकर अंग्रेजों का विरोध नहीं करेंगे, तब तक हमारे देश को उनकी गुलामी से मुक्ति नहीं मिल सकेगी। जहां सुभाष के मन में अंग्रेजों के प्रति तीव्र घृणा थी, वहीं अपने देशवासियों के प्रति उनके मन में बड़ा प्रेम था।%किसी राष्ट के लिए स्वाधीनता सर्वोपरि है% इस महान मूलमंत्र को शैशव और नवयुवाओं की नसों में प्रवाहित करने, तरुणों की सोई आत्मा को जगाकर देशव्यापी आंदोलन देने और युवा वर्ग की शौर्य शक्ति उद्भासित कर राष्ट के युवकों के लिए आजादी को आत्मप्रतिष्ठा का प्रश्न बना देने वाले नेताजी सुभाष चंद बोस ने स्वाधीनता महासंग्राम के महायज्ञ में प्रमुख पुरोहित की भूमिका निभाई थी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं एवं नवांकुर संस्था के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही7

## स्व. श्री रामसेवक शर्मा स्मृति पुरस्कार समारोह में पुरस्कृत हुए महाविद्यालय के छात्र- छात्राएँ...



**केशव पंडित जी अम्बाह...**

**अम्बाह...** महाविद्यालय के सभागार में अम्बाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रथम भूतपूर्व प्राचार्य स्व.रामसेवक शर्मा की स्मृति में महाविद्यालय के पाँच विद्यार्थियों को गत स्नातक प्रथम वर्ष परीक्षा 2022 में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के आधार पर पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में बीए प्रथम वर्ष से कु नंदनी शर्मा व यश जैन, बीएससी प्रथम वर्ष से स्नेहा तोमर व बीकॉम प्रथम वर्ष से खुशी अग्रवाल नाम हैं। कार्यक्रम संयोजक प्रो. दिवाकर शर्मा ने बताया कि इस पुरस्कार वितरण का आयोजन स्व. रामसेवक शर्मा के परिवारी जन प्रतिवर्ष महाविद्यालय में आकर करते हैं। जो विद्यार्थी स्नातक परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करते हैं उन्हें स्नातक द्वितीय वर्ष की पाठ्य पुस्तकें व प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। इस वर्ष भी उक्त चयनित सभी विद्यार्थियों को एक एक बैग, पाठ्यपुस्तकों हेतु धनराशि, व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर स्व. शर्मा के सुपुत्र राजेश शर्मा, शैलेश शर्मा, महाविद्यालय के पूर्व प्राध्यापक डॉ. पीके शर्मा व प्राचार्य डॉ. शिवराज सिंह तोमर मौजूद रहे। प्राचार्य डॉ. तोमर ने आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व प्राचार्य स्व श्री शर्मा जी को स्मृति में यह पुरस्कार न केवल विद्यार्थियों को उत्साहित करेगा अपित अन्य विद्यार्थि भी अच्छे अंक लाने को प्रेरित होंगे।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती शहर कांग्रेस ने बनाई

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** शहर कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा के नेतृत्व में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई उनकी जयंती के अवसर पर शहर कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा और कांग्रेस जनों ने लश्कर रोड स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की । इस अवसर पर बोलते हुए शहर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा ने कहा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस (23 जनवरी 1897 - 18 अगस्त 1945) भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान, अंग्रेज़ों के खिलाफ लड़ने के लिए, उन्होंने जापान के सहयोग से आज़ाद हिन्द फ़ौज का गठन



किया था उनके द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। ÷तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा÷ का नारा भी उनका था जो उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया भारतवासी उन्हें नेताजी के नाम से सम्बोधित करते हैं अपने सार्वजनिक जीवन में सुभाष को कुल 11 बार कारावास हुआ। सबसे पहले उन्हें 16 जुलाई 1921 में छह महीने का कारावास हुआ।इस अवसर पर प्रमुख रूप से स ंतोषत्रिापाठी,र`खा भदौरिया,माधोराम शर्मा, संदीप मिश्रा, सौम्या शर्मा ,पान सिंह बाबूजी ,कृपाशंकर शर्मा ,संजीव बरुआ, शिव शंकर भदौरिया, दीपचंद तिवारी ,मोहर सिंह जाटव, दुष्यंत सिंघई, गजेंद्र यादव, सूरजपाल सिंह राजावत ,विक्की राजावत ,अंकित शर्मा, दर्शन सिंह तोमर शामिल हुए।

## भाटसन प्राथमिक विद्यालय द्वारा शैक्षिक भ्रमण (यात्रा) का आयोजन किया गया



सरस्वती तालुका के भाटसन प्राथमिक विद्यालय के कक्षा तीन से आठ तक के छात्रों के लिए शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को गेला हनुमान दादा के मंदिर, धीमा धरणीधर भगवानके दर्शन व नादबेट नदेश्वरी माता मंदिर व अंतरराष्ट्रीय इंडो पार्क बॉर्डर व सैनिकों द्वारा की जाने वाली परेड आदि का भ्रमण कराया गया. टूर पर आने वाले स्कूली छात्रों को टूर के दौरान सुबह चाय नाश्ता, दोपहर में खाना और शाम को लौटते समय भी खाना दिया गया. शिक्षक स्टाफ द्वारा सर्वोत्तम प्लानीग किया

## 45 करोड़ लागत से बनने वाले मां शारदा सी एम राइज स्कूल शुजालपुर में भूमि पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए

माननीय बृजेंद्र सिंह यादव, (राज्यमंत्री),म. प्र. शासन आज शुजालपुर में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जन्म जयंती पर , 45 करोड़ लागत से बनने वाले मां शारदा सी एम राइज स्कूल शुजालपुर में भूमि पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए, सरस्वती पूजा कर



कार्यक्रम की शुरुवात की, शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार को शुभकामनाएं दी व अशोकनगर जिले में स्वीकृत सी एम राइज के भूमिपूजन कार्यक्रम में लिए आमंत्रित किया, और आगामी वर्ष में अशोकनगर जिलें में और अतिरिक्त सी एम राइज स्कूल स्वीकृत कराने का अनुरोध किया, कार्यक्रम के दौरान दोनों मंत्रियों ने निर्माण होने बाली बिल्डिंग के नक्शे का अवलोकन किया

## शहर के सुदामा नगर स्थित आशादीप इंस्टिट्यूट ऑफ पेरामेडिकल् साइंस में यातायात जागरूकता हेतु मानवाधिकार सुरक्षा संघ के माध्यम से विधार्थियो को यातायात के नियमों की जानकारी दी गई



**मुन्ना खान ब्यूरो**

खरगोन जिले के यातायात पुलिस प्रभारी दीपेंद्रजी स्वर्णकार ने विधार्थियों को सड़क पर चलने के नियमों एवं महिला की सुरक्षा हेतु सरकार के नियमों की जानकारी साझा की..संचालक यश गुप्ता ने हेलमेट पहनने के फायदे एवं समस्त विधार्थियो से हेलमेट पहनने का संकल्प करवाया... मानवाधिकार सुरक्षा संघ के प्रदेश अध्यक्ष सतीश गांगले जिला अध्यक्ष कमल गांगले जी ने महिलाओं हेतु निशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस की जानकारी बताई।पुलिस विभाग से विजय जी तिवारी.. मानवाधिकार सुरक्षा संघ के जितेंद्र भालसे जिलासंघटन मंत्री,रुपेश भार्गव,जिला महासचिव राकेश पण्ड्या एवं संस्था के मैनेजर मन गुप्ता, जमलेश् पटेल, प्रदीप सोनी, भाग्यश्री पाठक, गुंजन कर्मा, अक्षय पाटीदार,अंजलि दामोदर उपस्थित रहे।

## दबोह नगर परिषद में बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया आनन्द उत्सव



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** स्थानीय नगर परिषद दबोह में ब? धूमधाम के साथ आनन्द उत्सव मनाया गया।इस उत्सव में दो विद्यालय के नन्हे,मुन्ने भैया बहिनो ने ब? च? कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम का आगाज विद्या की देवी माँ सरस्वती की मूर्ति माल्यार्पण कर किया गया।इस दौरान मुख्य नगर परिषद अधिकारी प्रदीप ताम्रकर,नगर परिषद अध्यक्ष विमला नरेंद्र दुधारिया,उपाध्यक्ष हाकिम कौरव,पूर्व पार्षद शेरे पठान ने माल्यापर्ण किया।इसके बाद विद्यालय की छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुति दी।वही हिमांशु कॉन्वेंट विद्यालय की बहिनो ने एक देश भक्ति गीत प्रस्तुत कर जनसमूह का मन मोह लिया।इस आनन्द उत्सव में स्थानीय कालाकारों ने अपने अंदाज में स्वच्छता,बेटी प?ाओ,बेटी बचाओ,पर सुंदर गीतो को प्रस्तुत कर शमा बाँध दिया।सबसे आकर्षण केंद्र रही एक 3 साल की बेटी नित्या यादव।जिसने डीजे पर एक मनमोहक नृत्य किया जिस पर लोगों ने जमकर ताली बजाई।इसके पश्चात सभी बच्चों को स्वल्पाहार वितरित किया गया।इस कार्यक्रम में नगर परिषद पार्षदो में दिनेश कौरव,जनमोहन तेहरिया,लालता कुशवाहा के साथ साथ पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना कौरव,माधव यादव,दुर्गा प्रसाद राठौर,नारायण दोहरे,महताब दोहरे, विधायक प्रतिनिधि शिवनारायण दुबे,तथा नगर परिषद कर्मचारी उपस्थित रहे।

## टीआरएस लोधी जी को अध्यक्षता में संपन्न हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ

नगर भवन मुंगावली मैं लोधी लोधा लोध अधिकारी कर्मचारी संघ मुंगावली की कार्यकारिणी निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष टीआरएस लोधी जी को अध्यक्षता में संपन्न हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी तथा समाज के महापुरुषों के छायाचित्र माल्यार्पण कर कार्य का संचालन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यकारिणी संगठन श्रीमती सविता ठाकुर प्रदेश विधि सलाहकार श्री बीएस लोधी प्रदेश महासचिव काशीराम नरवरिया विदिशा जिला अध्यक्ष श्री डॉक्टर जय सिंह नरवरिया अशोकनगर जिला अध्यक्ष श्री अमृतलाल दूधी जी और अशोक नगर जिला उपाध्यक्ष श्री रमेश कुमार नरवरिया जिला उपाध्यक्ष श्री खूब सिंह लोधी जी प्रदेश संगठन सचिव श्री लाल लोधी जी उपस्थित रहे मुंगावली ब्लाक कार्यकारिणी का गठन अनुसार किया गया है



1- अध्यक्ष श्री जहार सिंह नरवरिया

2- वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री हरिश्चंद्र महंत एवं श्रीमती संजू लोधी

3- उपाध्यक्ष रविंद्र लोधी

4- कार्यालय महामंत्री मनोज कुमार नरवरिया

5- उपाध्यक्ष श्रीमती वर्षा लोधी

6- संगठन सचिव श्री प्रमोद सिंह लोधी

7- महासचिव श्री देशराज सिंह लोधी

8- महासचिव श्री खूब सिंह लोधी

9- संगठन सचिव श्री मनीष कुमार नरवरिया

10- कोषाध्यक्ष रामचरण नरवरिया

11- कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती गीता लोधी, श्री परमाल सिंह लोधी12- मीडिया प्रभारी श्री मनमोहन सिंह

13- कार्यकारिणी सदस्य श्री मती राम देवी नरवरिया रोहाना

## अ भा क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह तोमर ने जिलाधिकारी को दिया आवेदन



**पुष्पांजली टुडे**

मुरैना अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के मुरैना जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह तोमर ने मुरैना जिला अधिकारी अंकित अष्ठाना जी से कार्यलय में जाकर मुलाकात ?ी और पोरसा में शहीद पार्क के निर्माण को लेकर चर्चा की साथ ही जमीन को आवंटन के लिए कहा उसके बाद लिखित में अपने लेटर पर एक आवेदन भी दिया इस मोके पर जिला अध्यक्ष के साथ साथ टीम भी मौजूद रही

## भाटसन प्राथमिक विद्यालय में नेताजी जयंती के उपलक्ष्य में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



सुभाष चंद्र बोस एक महान भारतीय राष्ट्रवादी थे। उनकी देश भक्ति को देखकर आज भी हम सभी उन्हें एक देशभक्त के रूप में जानते हैं। इस सच्चे भारतीय नेता का जन्म 23 जनवरी 1897 को हुआ था। उनकी जयंती के अवसर पर आज स्कूल की नीलमबेन राठौड़ द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाग लेने वाले छात्रों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। नीलमबेन राठौड़ने कहा कि बच्चों को नेताजी के बारे में जानकारी देने के लिए स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. भाग लेने वाले छात्रों को प्राचार्य ने सम्मानित किया।

## प्रगतिशील रेडियोग्राफर संघ द्वारा सूत्रीय मांगों को लेकर दिया मुख्यमंत्री के नाम एडीएम को ज्ञापन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद** -भिंड में प्रगतिशील रेडियोग्राफर संघ म.प्र. द्वारा प्रदेश के रेडियोग्राफर डार्करूम असिस्टेंट एवं एक्सरे विभाग में कार्यरत कर्मचारियों की 11 सूत्रीय मांगो के सम्बन्ध में म.प्र शासन/प्रशासन को सभी जिला मुख्यालयों पर ज्ञापन सौंपा गया ।इस संबंध में संघ के जिला अध्यक्षद्वारा बताया गया कि प्रगतिशील रेडियोग्राफर संघ म.प्र. की न्यायोचित 11 सूत्रीय मांगो के सम्बन्ध में म.प्र शासन को ज्ञापन के माध्यम से मांगो की पूर्ति हेतु समय समय पर ध्यानाकर्षण करवाया जाता रहा है 7 संघ के द्वारा बताया गया कि संपूर्ण भारतवर्ष में मध्य प्रदेश ऐसा इकलौता राज्य बन गया है जहां पिछले 28 वर्षों से प्रदेश के रेडियोग्राफर साथियों को मात्र 50? ही विकरण भत्ता दिया जा रहा जबकि स्वास्थ्य विभाग में रेडियोलोजी विभाग में कार्यरत रेडियोग्राफर्स,डार्क रूम असिस्टेंट संवर्ग ही एकमात्र ऐसा संवर्ग है जो दोहरे जोखिम को उठाकर कोरोना संक्रमित व संदिग्ध मरीजों की सेवा कर रहा है अन्य संवर्ग की तरह संक्रमण के खतरों के साथ उन्हें अदृश्य खतरनाक आयनिक विकिरण का दुष्प्रभाव भी झेलना पड़ता है। कोविड-19 वैश्विक महामारी के इस काल में रेडियोग्राफर्स डार्क रूम असिस्टेंट ने इस बीमारी से पीड़ित रोगियों की जांच कर व



उपचार में उनके छाती के एक्सरे सीटी स्कैन जांच के कार्य में इनका का अत्यधिक महत्व रहा है कोरोना से जंग में बखूबी भागीदारी अपनी अतिरिक्त ऊर्जा व समय के साथ निभाई है । अपना जीवन जोखिम में डालकर अपने परिवार का जीवन यापन करने वाले मध्य प्रदेश के रेडियोग्राफर्स को 28 वर्षों से ?50 जीवन सुरक्षा भत्ता दिया जा रहा है खतरनाक आयनिक विकिरण क्षेत्र में कार्य करने के कारण रेडियोग्राफर्स को विकिरण विशेष भत्ता ?50 अपर्याप्त है अतः विकिरण के दुष्प्रभाव को देखते हुए रेडिएशन भत्ता बढ़ाया जाना न्यायोचित है । वर्तमान में रेडियोलोजी क्षेत्र में निरंतर तकनीकी विकास के साथ-साथ मरीजों की संख्या बढ़ती गई है जिससे अत्यधिक मरीजों की जांच के दौरान रेडिएशन का खतरा भी अत्यधिक बढ़ गया है रेडियोग्राफर्स एक मात्र ऐसा सा संवर्ग है जो कि सभी रेडिएशन जनित कार्यों को कुशलतापूर्वक संचालित कर रहा है इसी कारण मध्यप्रदेश शासन इस संवर्ग के लिए स्पेशल रेडिएशन भत्ता रुपए 50 रु का निर्धारण किया हुआ है । जोकि वर्तमान परिप्रेक्ष्य मैं अत्यंत कम है रेडियोग्राफर संवर्ग के प्रति सम्मानजनक प्रतीत नहीं होता है रेडिएशन भत्ते में संशोधन करें उसे बेसिक पे का 25त्र किया जाए। साथ ही अन्य मांगों में ग्रेड पे राज्यों की भांति 2800 से ब?ा कर 4200 किया जाए , पदनाम रेडियोग्राफर के स्थान पर रेडियोलॉजी ऑफिसर एवं डार्करूम असिस्टेंट का पदनाम सहायक रेडियोलॉजी ऑफिसर करने सहित 11 सूत्रीय मांगे शामिल हैउपरोक्त स्थिति में प्रगतिशील रेडियोग्राफर संघ म.प्र. द्वारा चरणवद्द आन्दोलन के तहत आज ज्ञापन प्रस्तुत किया गया है आज के ज्ञापन सौपने वालों में प्रमुख रूप से रवि कुमार जोशी सम्भागीय अध्यक्ष प्रगतिशील रेडियोग्राफर संघ ए के श्रीवास्तव, संजय बास्केल, अनिल निकुंज, मनोज नागर, राजकुमार शर्मा, उपस्थित रहे

## विद्यार्थी परिषद का जिला छात्र सम्मेलन एवं छात्र शक्ति महाकुंभ का हुआ आयोजन

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महाकौशल प्रांत जिला दमोह के द्वारा विद्यार्थी परिषद के 75 वर्ष पूर्ण होने पर जिला छात्र सम्मेलन( छात्र शक्ति महाकुंभ) का आयोजन स्थानीय तहसील ग्राउण्ड में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि न्यायाधीश प्रकाश उइके , विशिष्ट उपस्थिति निरंजन , स्वागत समिति अध्यक्ष पवन जैन , स्वागत समिति सचिव राघवेंद्र सेन , विभाग सयोजक श्रीराम रिक्षरया ,जिला सह संयोजक राहुल कुमार नगर मंत्री सत्यम सिंह राजपूत, नगर उपाध्यक्ष राहुल चौहान ,प्रान्त कार्यकारणी सदस्य दीपिका ठाकुर की अतिथि के रूप में उपस्थिति रही। कार्यक्रम में माँ सरस्वती जी एवं युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन सत्र का संचालन मयन मिश्रा ने किया। स्वागत समिति के अध्यक्ष व सचिव ने अतिथियों एवं जिला छात्र सम्मेलन में छात्रों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। उद्धघाटन सत्र में मुख्य वक्ता श्री निरंजन जी ने कहा विद्यार्थी परिषद एक वैचारिक आंदोलन हैं ,जिसने सम्पूर्ण भारतवर्ष में वैचारिक आंदोलन की एक अलग जगाई हैं। परिषद ने अपने अनेक अनेकों कार्यक्रमों गतिविधियों एवं आंदोलनों के माध्यम से राष्ट के निर्माण में इस देश की छात्र शक्ति को एक सूत्र में पिरोने का काम किया हैं। कार्यक्रम के पश्चात शोभायात्रा प्रमुख मार्गों निकाली गई। जिसमें शोभायात्रा में नगर वासियों द्वारा जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यात्रा के पश्चात अंबेडकर चौराहा पर खुले मंच का कार्यक्रम किया गया। जिसमें छात्र नेताओं ने भाषण दिए। जिसका मंच संचालन शिवम नामदेव ने किया। छात्र नेता हर्षप्रतीक कुसमरिया, प्रान्त कार्यकारणी सदस्य नमन सांडिल, प्रभांशु ,भाग सयोंजक मयन मिश्रा,अतिथि के रूप में उपस्थित रही। छात्र नेताओं ने वर्तमान में महाविद्यालय एवं विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था के वारे में अपने विचार व्यक्त किए। जिसमें प्रमुख रूप से उपस्थित प्रान्त सह संगठन मंत्री मनोज यादव , जिला संगठन मंत्री आदित्य बरमेया,कार्यक्रम प्रमुख नीलेश राठौर भाग सयोंजक मनोज पटैल, निवेश, दिलीप सुमन,प्रमोद अहिरवार नितेश ठाकुर,राहुल पटेल आदि के अलावा ब?ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।



## जनपद पंचायत करैरा के समस्त जनपत सदस्यों द्वारा का एक दिवसीय तालाबंदी हड़ताल



**पुष्पांजलि टुडे से विजय परिहार की रिपोर्ट।**

करेरा जनपद पंचायत जिला शिवपुरी मध्य प्रदेश मैं समस्त जनपद सदस्य द्वारा एक दिवसीय तालाबंदी हड़ताल की गई जिसमें करेरा जनपद के सभी जनपद सदस्य एवं जनपद अध्यक्ष मौजूद रहे और इसी उपलक्ष में सुंदरकांड का आयोजन किया गया और भगवान से प्रार्थना की माननीय मुख्यमंत्री महोदय मध्य प्रदेश सरकार हमारी पांच महत्वपूर्ण मांगे हैं उनको स्वीकार करें और हमारे लिए हमारे हक दिलवाए जिससे हम अपनी ग्राम पंचायतों में अपने ग्राम वासियों को उनकी हित की जन् कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिला सके और सभी जनपद सदस्य एवं जनपद अध्यक्ष श्री पुस्पेंद्रसिंह जाटव जी द्वारा जनपद पंचायत में विज्ञापन दिया गया जिस में उपस्थित जनपद सदस्य श्री मोनू परिहार सिरसोदश्री बल्लू लोधी सलैया श्री कोकसिंह परिहार ऑर्डर श्री लवली जितेंद्र बेस कसारी श्रीमती अर्चना जितेंद्र लोधी श्री रामकृष्ण बघेल श्री राजा यादव एवं समस्त करैरा जनपद सदस्य उपस्थित रहे और सभी जनपद सदस्य द्वारा संकल्प लिया गया कि मध्य प्रदेश सरकार हमारी मांगों को पूरा नहीं करती हैं तो आगामी कुछ दिनों बाद संपूर्ण मध्य प्रदेश मैं समस्त जनपद सदस्य एकजुट होकर बहुत बड़ा आंदोलन करेंगे इसी बीच मध्य प्रदेश सरकार मैं कई प्रकार की आम जनता को समस्या का सामना करना पड़ रहा है ऐसी चीजों को लेकर संबंध अधिकारी हमारी बातों को नहीं मानते हैं तो हम माननीय मुख्यमंत्री महोदय से निवेदन करते हैं कि हमारा जो हक है हमारे जो पावर हैं हमें दिए जाएं जिससे हम जनता के बीच जाकर जनता की सेवा कर सकें और उनकी समस्याओं का निवारण कर सकें अपना योगदान दे सकें जनपद अध्यक्ष श्री पुष्पेंद्र जाटव जाटव जी द्वारा बताया गया कि हमें पूरा भरोसा है की मध्य प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी हमारे मांगने सुनेंगे



# सम्पादकीय

## घाटे का सौदा

यह विडंबना ही है कि लगातार भारत विरोधी गतिविधियों और सैन्य टकराव के बीच चीन के साथ द्विपक्षीय व्यापार वर्ष 2022 में रिकॉर्ड 135.98 बिलियन डॉलर तक जा पहुंचा है। चिंता की बात यह है कि पिछले साल के मुकाबले हमारा आयात 97.5 बिलियन डॉलर से 21 फीसदी बढ़कर 118.5 बिलियन डॉलर हो गया है। विडंबना की बात यह भी है कि वहीं दूसरी ओर हमारा निर्यात 2021 के मुकाबले 28 बिलियन डॉलर से घटकर 17.48 बिलियन रह गया। चिंता की बात यह है कि हमारा व्यापार घाटा पहली बार सौ अरब डॉलर पार कर गया है। यह घाटा पिछले साल 69.4 बिलियन डॉलर दर्ज किया गया था। दरअसल यह स्थिति भारत में मांग के स्तर पर सुधार, कच्चे माल की बढ़ती जरूरत व चिकित्सा से जुड़ी सामग्री की आपूर्ति बढ़ने से पैदा हुई है। निश्चित रूप से यह चिंता का विषय है कि भारतीय सीमाओं व तमाम अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत की खिलाफत करने वाले चीन पर हमारी निर्भरता बढ़ रही है। यह स्थिति तब है जब लंबे समय तक सीमाओं पर दोनों देशों के बीच टकराव की स्थिति बनी रही है। ऐसे में उन कारकों पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है जो इस एकतरफा व्यापार विसंगति का मुख्य कारण हैं। दरअसल, चीन को होने वाले प्राथमिक निर्यात में लौह अयस्क, तांबा, एल्यूमीनियम और रत्न शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर चीन से आयात होने वाले सामान में मशीनरी, दूरसंचार उपकरण व इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान शामिल हैं। वहीं व्यापार घाटा बढ़ने की एक वजह यह भी है कि चीन भारतीय फार्मास्यूटिकल्स व आईटी सॉफ्टवेयर के लिये बाजार सहज उपलब्ध नहीं कराता। वैसे तो इसे सकारात्मक पहलू ही माना जाना चाहिए कि भारत चीन से कच्ची सामग्री और मध्यवर्ती वस्तुओं का आयात करता है, जो हमारी अर्थव्यवस्था की जीवंतता को ही दशार्ता है। जिससे निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि हमारी अर्थव्यवस्था सही दिशा में बढ़ रही है। दूसरे शब्दों में कहा जा सकता है कि सरकार आयात कम करने तथा निर्यात को बढ़ावा देने के प्रयासों को गति दे रही है। इस दिशा में कारगर विकल्प तलाशकर हमें आत्मनिर्भरता की तरफ कदम उठाने चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि हमारा व्यापार घाटा बढ़ने में वैश्विक परिस्थितियां भी जिम्मेदार हैं। खासकर रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते पूरी दुनिया की आपूर्ति शृंखला बाधित हुई है। वैसे भी करीब दो साल के कोरोना संकट से भी स्थितियां विकट हुई हैं। जो अभी अपनी पूर्व स्थिति पर नहीं लौट सकी हैं। बहरहाल, भारत को चीन का एक विश्वसनीय विकल्प तलाशना चाहिए। भारत ने कई देशों से मुक्त व्यापार समझौते के जरिये समाधान निकालने का प्रयास भी किया है। इस दिशा में अभी और आगे बढ़ने की जरूरत है। हालांकि, मौजूदा हालात और आंकड़े बताते हैं कि चीन से अलग होकर विकल्प तलाशने की बात करना तो आसान है, मगर इसे हकीकत में जल्दी बदल पाना आसान नहीं होगा। इस तरह का विकल्प हम वियतनाम आदि देशों में तलाश सकते हैं। लेकिन इससे जुड़ी कुछ व्यावहारिक दिक्कतें भी हैं। इसके बावजूद भारत को इस व्यापार घाटे को पाटने की दिशा में गंभीर पहल करनी होगी। इस काम में उद्योग जगत की भी रचनात्मक भूमिका हो सकती है कि वह आत्मनिर्भर भारत के अभियान में किस तरह से योगदान दे सकता है। निस्संदेह व्यापारिक हित महत्वपूर्ण होते हैं, लेकिन राष्ट्रीय अस्मिता के लिये कुछ त्याग करना भी जरूरी होता है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि इस बड़े घाटे में उद्योग जगत की बड़ी भूमिका है। ऐसे में हमारे उद्योग जगत को इस अभियान के लिये संकल्प जताना होगा कि कैसे चीन पर कच्चे माल की निर्भरता का विकल्प तलाशा जाए। उसकी मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान में सार्थक भागीदारी होनी चाहिए। सरकार को भी आत्ममंथन करना होगा कि ये अभियान सार्थक परिणाम क्यों नहीं दे पाये। यह भी कि उत्पादन को प्रोत्साहन देने वाली योजना वास्तविक धरातल पर कामयाब क्यों नहीं हो पा रही है।

# जेसिंडा अर्डने का एक और कमाल



**जेसिंडा अर्डर्न ने कहा कि मैं इस उम्मीद और विश्वास के साथ देश का नेतृत्व छोड़ रही हूं कि देश का नेता ऐसा हो जो नेकदिल होने के साथ मजबूत हो**

भारत को वैश्विक महाशक्ति के रूप में उभरने के लिए शिक्षा पर दोगुना ध्यान देने की जरूरत क्योंकिपी शशि रू अद्भुत रचनात्मक अभिव्यक्ति, बेजोड़ प्रतिबद्धता शायर इरतिजा निशात ने फरमाया है कि -कुर्सी है तुम्हारा ये जनाजा तो नहीं है,कुछ कर नहीं सकते तो उतर क्यों नहीं जाते। सत्ता के मोह में कुर्सी से चिपके नेताओं के लिए यह बात कही गई है। हालांकि ऐसे नेताओं की चमड़ी इतनी मोटी होती है कि उन्हें न ऐसी पंक्तियों से कोई फर्क पड़ता है, न अपनी नाकाबिलियत पर उन्हें कोई शर्मिंदगी महसूस होती है, न जनता की तकलीफों से उनका कोई वास्ता रहता है। उनके लिए सत्ता सबसे बड़ा सच होती है और कुर्सी का साथ आजीवन बना रहे, इसके लिए अगर उन्हें विचारधारा से समझौता कर दल बदलना पड़े, धुर विरोधी पार्टी में शामिल होना पड़े, तो वे सहर्ष ऐसा कर लेते हैं। पिछले कुछ बरसों में भारत में न जाने कितने ऐसे दलबदलु और सत्तालोभी नेता देखे गए। दूसरे देशों में भी हाल कुछ अलग नहीं है। अमेरिका में हार के बाद जिस तरह डोनाल्ड ट्रंप ने चुनावों को गलत ठहराते हुए सत्ता में लौटने की कोशिश की या हाल ही में ब्राजील में लूला डि सिल्वा की सरकार के खिलाफ पिछले राष्ट्रपति बोलसोनारो के समर्थकों ने जो उपद्रव किया, वह सत्तालोभ का ही उदाहरण है। हालांकि भारत में सोनिया गांधी जैसी नेता भी हैं, जिन्होंने लाभ के पद का मामला उठने पर सांसद पद से इस्तीफा देने में देर नहीं की। यूपीए के बहुमत में आने के बाद भी उन्होंने प्रधानमंत्री पद स्वीकार नहीं किया। उनसे पहले ज्योति बसु ने भी प्रधानमंत्री पद ठुकरा कर ऐसी मिसाल पेश की थी। हाल में दिवंगत समाजवादी नेता शरद यादव ने लोकसभा कार्यकाल को छह साल करने के इंदिरा गांधी के फैसले के खिलाफ कदम उठाते हुए संसद सदस्यता छोड़ दी थी, उस वक्त मधु लिमये ने भी अपनी संसद सदस्यता त्यागी थी, क्योंकि जनता ने इन्हें पांच साल का जनादेश दिया था। खेद की बात है कि सत्ता का मोह न पालने वाले ऐसे नेताओं के उदाहरण इतने कम हैं कि उंगलियों पर गिने जा सकें। जबकि जीवन के आखिरी पड़ाव पर आकर भी किसी पद की लालसा लगाए लोगों की कमी नहीं है। सत्ता के शीर्ष पर रहकर पद से विमुख होने के चंद अनूठे उदाहरणों में अब एक नाम और जुड़ जाएगा। न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न ने ऐलान किया है कि वे सात फरवरी तक लेबर पार्टी की नेता के पद से इस्तीफा दे देंगी, जिसके बाद आने वाले दिनों में उनके उत्तराधिकारी को चुनने के लिए वोटिंग होगी। उन्होंने कहा



कि छह साल तक इस श्चुनौतीपूर्णश पद को संभालने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की है। इसके बाद अब अगले चार साल में उनके पास योगदान देने के लिए कुछ खास नहीं बचा है। इसलिए अब वो अगला चुनाव नहीं लड़ेंगी। गौरतलब है कि न्यूजीलैंड में इस साल 14 अक्टूबर को आम चुनाव होने हैं। 2020 में हुए चुनाव में जेसिंडा अर्डर्न के नेतृत्व में लेबर पार्टी को भारी बहुमत से जीत मिली थी, लेकिन हाल के महीनों में देश के भीतर उनकी लोकप्रियता घटी है। सुश्री अर्डर्न का कहना है कि लेबर पार्टी की हार की आशंकाओं के कारण वो इस्तीफा नहीं दे रही हैं, बल्कि इसलिए दे रही हैं ताकि लेबर पार्टी जीत सके। एक ऐसा मजबूत नेतृत्व हमें चाहिए जो चुनौती ले सके। बड़ी स्पष्टता के साथ जेसिंडा अर्डर्न ने यह स्वीकार कर लिया कि जो चुनौतियां अभी उनकी सरकार के सामने पेश हो रही हैं, उनका सामना करने में वे कहीं न कहीं कमजोर पड़ रही हैं। अमूमन सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग अपनी नाकामी का ठीकरा दूसरों के सिर फोड़ते हैं और जवाबदेही से बच जाते हैं। लेकिन न्यूजीलैंड की मौजूदा प्रधानमंत्री ने बड़ी साफगोई के साथ अपनी क्षमताओं और सीमाओं को स्वीकारा है। और ऐसा नहीं है कि उन्होंने अपने कार्यकाल में किसी बड़ी चुनौती का सामना नहीं किया। ये जेसिंडा अर्डर्न का ही नेतृत्व था, जिसमें न्यूजीलैंड कोरोना जैसी महामारी में बिना किसी खास नुकसान के निकल आया। जब अमेरिका और ब्रिटेन जैसे शक्तिशाली देशों में त्राहि-त्राहि हो रही थी, तब न्यूजीलैंड में जनजीवन सामान्य था। इसी तरह आतंकवाद की चुनौती का सामना जेसिंडा अर्डर्न ने क्राइस्ट चर्च मस्जिद में हुई गोलीबारी के वक्त किया। पीड़ितों को गले लगाकर ये संदेश उन्होंने दिया कि वे हर तरह के चरमपंथ के खिलाफ हैं, चाहे वो किसी भी धर्म की आड़ में फैलाया जाए। जेसिंडा अर्डर्न अपने अब तक राजनैतिक करियर में कई वजह से सुर्खियों में आईं। जैसे 2017 में जब वे पहली बार प्रधानमंत्री बनीं तो उनकी उम्र महज 37 साल थी और उस वक्त वे दुनिया की सबसे कम उम्र की राष्ट्रप्रमुख थीं। जून 2018 में उन्होंने अपनी संतान को जन्म दिया और इस तरह वे बेनजीर भुट्टो के बाद दुनिया की दूसरी प्रधानमंत्री बनीं, जिन्होंने पद पर रहते हुए मां बनने का गौरव हासिल किया। उस वक्त उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा था, मैं काम करने वाली और मां बनने वाली पहली महिला नहीं हूं। कई महिलाओं ने पहले भी ऐसा किया है। यानी उन्होंने प्रधानमंत्री पद के दायित्व को भी बाकी कामों की तरह ही माना और खुद को एक कामकाजी महिला समझा।

# भारतीय वैदिक दर्शन के लिए नुकसानदेह

अंग्रेजों के आने के पूर्व भारतीय संस्कृति धार्मिक, आध्यात्मिक, परंपरा वादी, भाग्यवादी रही है। अंग्रेजों के भारत आने के बाद और उनके संपर्क में रहने से भारतीय जीवन का स्वरूप काफी हद तक परिवर्तित एवं बदले हुए स्वरूप में आया था। धार्मिकता आध्यात्मिकता तथा त्याग व ममता को व्यापक भौतिकवादी दृष्टिकोण से काफी नुकसान पहुंचा है। पश्चात विचारधारा के संपर्क में आने से परंपराओं के प्रति मोह धीरे-धीरे कम होने लगा एवं नई वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाली सोच के कारण भाग्य वाद के प्रति आस्था उत्पन्न होने लगी। इसके अतिरिक्त भारतीय दर्शन के आंतरिक गुणों आदर्श नैतिकता,बुद्धि आदि में भी आमूलचूल परिवर्तन हुए हैं। और इन घटकों पर नवीन शिक्षा पद्धति का व्यापक प्रभाव पड़ा है। अंग्रेज भारत को ऐसा वर्ग विशेष बनाना चाहते थे, जो जन्म और रंग से तो पूर्वी हों, पर अन्य सभी दृष्टिकोण से सब अंग्रेज बने रहें। भारत का उच्च वर्ग या अमीर तबका, राजा, महाराजा,नवाब धीरे-धीरे अंग्रेजी शिक्षा के गुलाम होते चले गए,और पाश्चात्य संस्कृति की ओर झुकते गए। भारतीय संस्कृति को विस्मृत करने में यही उच्च वर्ग या अमीर लोग काफी हद तक जिम्मेदार है। यह लोग अंग्रेजियत की नकल करने लगे,तथा भारतीय समाज धर्म दर्शन में इनकी कोई रूचि अविश्वास नहीं रहने लगा था। और इनकी नकल में इनके मातहत, सिपहसालार भी उसी रंग में डूबने लगे थे। धीरे धीरे पश्चिमी सभ्यता ने भारतीय संस्कृति पर अपना व्यापक प्रभाव डालना शुरू कर दिया था। पश्चिमी संस्कृति का वृहद अध्ययन करने वाले भारतीय विद्वानों ने पश्चिम की ओर इस अंधे आकर्षण का खुलकर विरोध भी किया था। इन्हीं विद्वानों ने भारतीय जनमानस को अपनी शक्ति और धर्म में विश्वास करने की प्रेरणा देकर उनका मार्गदर्शन किया था। तत्पश्चात भारतीय शोधकर्ताओं ने पश्चिम सभ्यता तथा उसकी शिक्षा का व्यापक परीक्षण शुरू कर दिया था। और इन्हीं शोधकर्ताओं और विद्वानों की अथक मेहनत से प्राचीन परंपराओं में सर्वश्रेष्ठ का चयन कर एवं पाश्चात्य दर्शन की श्रेष्ठ धारणाओं को मिलाकर एक नए दर्शन को समाज के सामने प्रस्तुत किया था। भारतीय विद्वानों, शोधकर्ताओं एवं विचारकों ने प्राचीन भारतीय कुप्रथा जैसे छुआछूत, पर्दा प्रथा,बहु विवाह, बाल विवाह, देवदासी प्रथा एवं महिला शिक्षा, तथा निरक्षरता के विरोध में अभियान चलाकर सामाजिक चेतना का आह्वान किया था। पर पाश्चात्य संस्कृति



के प्रभाव में आकर भारतीय समाज में नैतिक विचारों में परिवर्तन की शुरूआत हुई। इस परिवर्तन के साथ भारतीय जनमानस के रहन-सहन खानपान, वेशभूषा,विवाह समारोह, आचार विचार, शिष्टाचार तथा व्यवहार में पाश्चात्य शिक्षा की झलक दिखाई देने लगी। जाति प्रथा के कठोर नियम ढीले पड़ने लगे। बाल विवाह प्रथा में बेहद कमी आने लगी। पश्चात दर्शन ने भारतीय संस्कृति में जीवंत एवं चरित्र को एक नया बदलाव दिया था। पाश्चात्य संस्कृति में धीरे-धीरे भारतीय रहन-सहन रीति-रिवाज प्रथाओं को प्रभावित किया। ड्रेसिंग सेंस, खान पान,बोलने चालने तथा अभिवादन के तरीकों में बड़े परिवर्तन हुए। वेस्टर्न पद्धति से संस्कृति शिक्षा विचारधाराओं ने भारत को दुनिया के राष्ट्रीय जीवन के संपर्क में ला खड़ा किया था। देश के अंदर विभिन्न अलग-अलग विचारधाराओं के समूहों को एक सांस्कृतिक समानता के मंच पर लाकर खड़ा किया। और इसी सांस्कृतिक समानता ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एकता और राष्ट्रीयता की नई मिसाल स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए प्रदान की थी। विहंगम दृष्टिकोण से देखा जाए तो पाश्चात्य दर्शन ने भारतीय परंपरा रीति रिवाज में महत्वपूर्ण सुधार लाने की एक नई पहल की थी। प्राचीन परंपराओं के फल स्वरुप भारतीय जनमानस को रीति-रिवाजों एवं पाखंडी पन ने जीवन में जंजीर बनकर जकड़ रखा था। संस्कृति तथा कुप्रथाओं ने स्वतंत्र विचारों को मस्तिष्क में ही कैद कर लिया था ।एवं आमजन का जीना मुश्किल हो गया था। प्रभाव तथा कुरीतियों से सबसे ज्यादा सजा महिलाएं बालिकाएं तथा बच्चों को ही मिल रही थी। पाश्चात्य शिक्षा तथा दर्शन ने शिक्षा धर्म तथा आदर्शों के मूल्यों में सुधार लाने का महत्वपूर्ण कार्य किया था। पाश्चात्य शिक्षा से अंधविश्वास के बदले बुद्धि विवेक और तर्क ने वैज्ञानिक विचारधारा के हिसाब से जीवन यापन करने की पद्धति से अवगत कराया था। पाश्चात्य शिक्षा तथा दर्शन के कारण ही भारत में ईसाई धर्म समाज की स्थापना हो पाई थी। ईसाइयत का भारत में जन्म अंग्रेजों के आने के बाद ही हुआ था। पाश्चात्य सभ्यता एवं शिक्षा से भारतीय महिलाओं पर सर्वाधिक प्रभाव पड़ा। उनकी शिक्षा-दीक्षा रहन सहन तथा व्यवहार में काफी परिवर्तन आया तथा भारतीय महिलाओं ने खुली हवा में सांस लेने के अवसर भी तलाशना शुरू कर दिया था। और आज भारत में महिलाएं कंधे से कंधा मिलाकर पुरुषों के साथ हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं। भारतीय जनमानस में पाश्चात्य सभ्यता का बहुत ज्यादा प्रभाव पड़ा ।




**जैसे स्त्रियों का खुलापन, नशे की खुली लत एवं महिलाओं तथा पुरुषों का वासनायुक्त खुला व्यवहार, अशोभनीय स्तर पर आ गया है।**

# मध्य प्रदेश में ब्रांड बने शिवराज

**हालांकि इस बीच सरेआम धर्मसंसदों में अल्पसंख्यकों के लिए आपत्तिजनक बयानबाजी हुई, भाजपा के सांसद और मंत्री तक भड़काऊ बयान देते रहे, लेकिन तब केंद्र की ओर से जो सख्ती दिखानी चाहिए थी, वो नहीं दिखाई गई। कानूनी प्रक्रिया के इंतजार की आड़ में नफरत को बढ़ने दिया गया।**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का चौथा कार्यकाल पिछली तीन पारियों जैसा नहीं था। चौथी बार मुख्यमंत्री पद का ताज पहनना कांटों का ताज माना जा रहा था। लेकिन शिवराज सिंह चौहान ने एक अस्थाई मानी जाने वाली सरकार को स्थाई सरकार में बदल डाला, बल्कि राज्य को विकास के पथ पर सरपट दौड़ाया। उन्होंने राज्य के किसानों से लेकर युवा और आदिवासी समुदाय को भी पूरी तरह साध कर रखा। राजनीतिक क्षेत्रों में यह स्वीकार किया जा रहा है कि मध्य प्रदेश में वे ह्यब्रांड शिवराजह्न बन गए हैं। जिन्हें आसानी से नजरंदाज नहीं किया जा सकता। हाल ही में मध्य प्रदेश के शहर इंदौर में प्रवासी भारतीय सम्मेलन और निवेशक सम्मेलन के बाद जी-20 के तहत थिंक-20 समूह के सफल सम्मेलन से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की प्रतिष्ठा में चार चांद लग गए। प्रवासी भारतीय सम्मेलन और घ्निवेशक सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन से और दुनिया भर से आए प्रतिनिधियों की मौजूदगी में राज्य के लोगों में नई ऊर्जा का संचार कर दिया। इस सम्मेलन में अलग-अलग क्षेत्रों के उद्यमियों ने राज्य में कुल 15 लाख 42 हजार 550 करोड़ के निवेश का इरादा जताया, जो कि पिछले सम्मेलन से कहीं ज्यादा है। कोई समय था जब उद्योगपति मध्य प्रदेश में निवेश करने में कोई रुचि नहीं रखते थे। लेकिन अब उन्हें राज्य में निवेश करना हर दृष्टि से फायदे का सौदा लग रहा है। बिजली के मामले में मध्य प्रदेश सरप्लस स्टेट है। राजमार्गों और सड़कों का निर्माण विश्वस्तरीय है और सबसे बड़ी बात यह है कि शिवराज सरकार अपनी चार पारियों में उद्योगों के लिए सरकारी प्रक्रिया को सरल बनाया है। इससे मध्य प्रदेश निवेशकों के लिए आकर्षक गन्तव्य स्थल बन चुका है। एक के बाद एक सफल आयोजनों के बाद खेलो इंडिया भी भोपाल में शुरू होने वाला है। उज्जैन में महाकाल लोक के दूसरे चरण का काम तेजी से चल रहा है और ओंकारेश्वर में आदि शंकराचार्य



की विशाल प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा भी होने जा रही है। शिवराज सिंह चौहान सुशासन, स्थायित्व के साथ-साथ हिन्दुत्व की राह पर चलते नजर आए लेकिन जनता के लिए कल्याणकारी योजनाओं को भी द्रुतगति से जारी रखा। मध्य प्रदेश में लव घ्जिहाद की घटनाएं सीमित हैं। इसके बावजूद उन्होंने इसके खिलाफ सख्त कानून बनाए। श्री शिवराज सिंह चौहान स्वयं अध्ययनशील, मननशील और कर्मशील होने की वजह से अपने संकल्प आसानी से साकार कर लेते हैं। वे जो सोचते हैं, उसे पूर्ण करने के लिए उन्हें बस इतने ही प्रयत्न करने होते हैं कि कार्य की शुरूआत से कार्य के पूर्ण होने के मध्य निरंतर अनुश्रवण का कार्य करना होता है। उदाहरण के तौर पर मध्य प्रदेश में औद्योगिक निवेश बढ़ाने के लिए उन्होंने वर्ष 2005 में मुख्यमंत्री बनते ही प्रयत्न प्रारम्भ किये। मध्य प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में उद्योगों के विकास की व्यापक सम्भावनाओं को साकार करने के लिए उद्योगपतियों से सतत सम्पर्क आवश्यक था। इसकेघ लिए की गई इन्वेस्टर्स समिट्स बहुत लाभकारी सिद्ध हुई। मध्य प्रदेश में न सिर्फ नया निवेश आया बल्कि लाखों नौजवानों को रोजगार भी मिला। प्रदेश की प्रतिभा का पलायन भी रुका। उद्योगों के विकास से सम्पूर्ण अधोसंरचना के विकास का कार्य आसान हुआ और प्रदेश की तस्वीर को बदलने में सफलता मिली। मुख्यमंत्री के रूप में श्री चौहान के विभिन्न कार्यकालों पर नजर डालें तो हम पाते हैं कि प्रथम कार्यकाल उन्होंने मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, लाडली लक्ष्मी योजना, विद्यार्थियों को विद्यालय जाने के लिए साइकिल प्रदाय जैसे कल्याणकारी कार्य प्रारम्भ किए। बुनियादी क्षेत्रों में सुविधाएं बढ़ाने की ठोस पहल की गई। श्री चौहान का मुख्यमंत्री पद का पहला कार्यकाल तीन वर्ष का था। द्वितीय और तृतीय कार्यकाल पांच-पांच वर्ष के रहे। इन दस वर्षों में मध्य प्रदेश ने विकास के नए आयाम छुए। मुख्यमंत्री पद की चौथी पारी खेलते हुए शिवराज सरकार ने किसानों के लिए अनेक योजनाएं शुरू कीं। प्रदेश को सरकारी नौकरियों में केवल राज्य के युवाओं के लिए 100 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की। सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों पर भर्ती की गई। वहीं शिवराज सरकार आदिवासी समुदाय के बीच दुबारा अपनी जड़े जमाने के लिए हर सम्भव कदम उठाती नजर आई। साहूकारों के कर्ज से आदिवासी समुदाय को मुक्ति दिलाने के लिए कानून बनाने के साथ-साथ उनका 15 अगस्त, 2020 के पहले का कर्ज माफ कर दिया। शिवराज चौहान किसी सफल क्रिकेटर की तरह चौके और छक्के लगा रहे हैं। राजनीतिक गलियारों में ऐसी सुगबुगाहट होती रहती है कि शायद चुनावों से पहले कुछ हलचल हो लेकिन इस बात को नजरंदाज नहीं किया जा सकता कि उनके हर कार्यकाल में मध्य प्रदेश को विकास का नया आयाम मिला है। मुख्यमंत्री की विशेषता यह है कि वह जो भी काम करते हैं वह बड़ी मेहनत से करते हैं। वह राजनीति में कला कौशल सम्पन्न व्यक्तित्व माने जाते हैं। वह कुछ ऊंच-नीच हुआ हो तो उसे भी विनम्रता से स्वीकार करने में हिचकते नहीं हैं। महिलाओं और बच्चों में मामा जी के नाम से लोकप्रिय शिवराज सिंह चौहान एक बड़ा ब्रांड बन चुके हैं। यही उनकी राजनीतिक पूंजी है। सियासत की महफिल हो या कारपोरेट सैक्टर का जमावड़ा, हर जगह कुछ अलग अंदाज में नजर आए, लेकिन उनमें साफगोई नजर आती है। "शिवराज तो शिवराज है, जो उन्हें भाता है,वही जुबां पर आ जाता है।" मुख्यमंत्री 5 फरवरी से विकास यात्रा की शुरूआत कर राज्य में इस वर्ष होने वाले चुनावों का शंखनाद करने वाले हैं।

# मध्य प्रदेश विद्युत आउटसोर्स कर्मचारी संघ ने अपनी मांगों को लेकर दिया मुख्यमंत्री के ज्ञापन

### जल्द निराकरण न होने पर रहेगा कम बंद

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी–** शिवपुरी में आज कलेक्ट्रेट में मध्य प्रदेश विद्युत विभाग के आउटसोर्स कर्मचारियों ने ले अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश विभाग में आउटसोर्स कर्मचारी जो कि लदरौर 10-12 सालों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं उनको जल्द से जल्द परमानेंट किया जाए साथ ही उनका मानदेय भी बढ़ाया जाए प्राप्त जानकारी के अनुसार यूनाइटेड फोरम फॉर पावर एम्पलाइज एवं इंजीनियर मध्यप्रदेश की सभी उत्तरवर्ती कंपनियों के प्रमुख संगठनों का एक पंजीकृत संयुक्त संगठन है जो कि प्रदेश की विद्युत कंपनियों के सभी अधिकारियों कर्मचारियों की समस्याओंएवं जायज मांगों के संबंध में समय-समय पर प्रशासन एवं प्रबंधन को अवगत कराकर उनके सार्थक समाधान



एवंनिराकरण हेतु सदैव प्रयासरत रहता है।मध्य प्रदेश विद्युत अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ, मध्य प्रदेश विद्युत मंडल तकनीकी कर्मचारी संघ, मध्य प्रदेश बिजली आउटसोर्स कर्मचारी संघ, मध्य प्रदेश बाह स्रोत विद्युत कर्मचारी संगठन, विद्युत आउट सोर्स परिषद भोपाल एवं विंध्य आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के द्वारा दिनांक 21/01/23 से कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया गया है, जिसका यूनाइटेड फोरम पूर्ण समर्थन करता है। दिनांक 23/01/23 तक माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने उक्त मांगों के संबंध में बैठक कर मांगों का निराकरण नहीं किया, तो यूनाइटेड फोरम अपने सभी घटक दलों के साथ कार्य बहिष्कार के आंदोलन में संपूर्ण सहयोग करते हुए संपूर्ण मध्यप्रदेश में कार्य बहिष्कार करेगा मध्य प्रदेश विद्युत विभाग अंतर्गत समस्त कंपनियों में कार्यरत बोर्ड, कंपनीकेडर, संविदा एवं आउटसोर्स विद्युत अधिकारी कर्मचारी अनिश्चितकालीन आंदोलन में शामिल होंगे। कार्य बहिष्कार के दौरान संपूर्ण जिले में किसी भी प्रकार की विद्युत अव्यवस्था होती है तो उसकी संपूर्ण जवाबदारी मध्यप्रदेश शासन प्रशासन की होगी।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का सम्मेलन छात्र उद्घोष हुए संपन्न




**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी–**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शिवपुरी का जिला सम्मेलन छात्र उद्घोष गांधी पार्क मैदान में संपन्न हुआ7 इससे छात्र उद्घोष कार्यक्रम में जिलेभर से 3 हजार से अधिक विद्यार्थी सम्मिलित हुए 7 जिला सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यार्थी परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखाड़िया, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, प्रांत अध्यक्ष धर्मेंद्र राजपूत व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अनुप्रिया तंवर मौजूद रहे7 कार्यक्रम की अध्यक्षता यूआईटी आरजीपीवी शिवपुरी के डायरेक्टर डॉ राकेश सिंघई ने की7 जिलेभर से आए विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विद्यार्थी परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखाड़िया ने कहा कि विद्यार्थी परिषद एकमात्र छात्र संगठन है जो छात्रहित के साथ-साथ राष्ट्रहित व समाजहित मे निरंतर कार्य करता है 7 विद्यार्थी परिषद का सदैव मानना रहा है कि आज का छात्र आज का नागरिक है 7 हम विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता केवल भारत माता की जय नारा ही नहीं लगाते हैं अपितु भारत माता की जयकार को चरितार्थ करने का काम भी करते हैं और यह नारा सिर्फ मुँह से न निकलते हुए हृदय की गहराई से निकलता है विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी सदैव इस देश में परिवर्तन का वाहक रहा है 7 देश में जितने भी बड़े परिवर्तन हुए हैं उनमें विद्यार्थियों का योगदान सबसे अधिक है7 छात्रशक्ति ही राष्ट्रशक्ति है यह विद्यार्थी परिषद के द्वारा समाज में लाए गये बदलावों से सिद्ध हुआ है7 मैं गौरवान्वित हूं कि मुझे जिले की समस्त छात्रशक्ति के दर्शन का गौरव विद्यार्थी परिषद के इस छात्र उद्घोष सम्मेलन के माध्यम से मिलाराष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अनुप्रिया तंवर ने कहा कि विद्यार्थी परिषद सदैव छात्र हित के लिए अड़ी रही है व राष्ट्रहित की बात आने पर सबसे प्रथम पंक्ति में खड़ी रही है7 90 के दशक मे कश्मीर समस्या हो या मध्यप्रदेश में स्नातक में सेमेस्टर प्रणाली खत्म कराने की बात हो विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने सदैव संघर्ष किया है 7 शिवपुरी विधि महाविद्यालय की बरसों से लंबित पड़ी मान्यता को लेकर भी विद्यार्थी परिषद एक लंबे समय से लड़ाई लड़ती आ रही थी जिसके परिणाम स्वरूप अभी कुछ दिन पूर्व ही बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने शिवपुरी विधि महाविद्यालय को मान्यता मिली हैकार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे यूआईटी आरजीपीवी शिवपुरी के डायरेक्टर डॉ राकेश सिंहई ने कहा कि छात्रों में उत्सुकता व उत्साह अधिक होता है 7 यदि छात्रशक्ति को सही दिशा में लगाया जाए तो समाज में ऐसी कोई भी समस्या नहीं जिसका समाधान ना हो सके इतनी बड़ी संख्या में जिलेभर से विद्यार्थी इस जिला सम्मेलन में पधारे है यह कहीं न कहीं बताता है कि विद्यार्थियों के लिए विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता कंधे से कंधा मिलाकर लड़ाई लड़ते हैंउद्घाटन के पश्चात नगर में होते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसका समापन माधव चौक पर खुला मंच कार्यक्रम के साथ हुआ

खुला मंच कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विभाग संयोजक आदित्य पाठक ने कहा कि विद्यार्थी परिषद छात्रशक्ति है तो आप सभी कार्यकर्ताओं से है विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता वर्षभर शिक्षा परिसरों में विद्यार्थियों के हित के लिए लड़ाई लड़ने का काम करते है विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा पूरे जिले भर मे सर्वे कर शिक्षा समस्याओं को लेकर 15 सूत्रीय प्रस्ताव भी तैयार किया ह उसी प्रस्ताव की यदि प्रमुख मांग देखे तो गैर मान्यता प्राप्त आईटीआई कॉलेजों की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण किये जाने की आवश्यकता है। इस संबंध में उल्लेखनीय है कि अन्य जिलों में मान्यता प्राप्त आईटीआई कॉलेज यहाँ जिले में दलालों के माध्यम से संस्था के नाम पर ऑफिस खोलकर विद्यार्थियों को एडमिशन उपलब्ध कराते हैं। विद्यार्थी इस बात से अनभिज्ञ होता है कि वास्तव में उसका एडमिशन किस संस्था में हुआ है। बाद में परीक्षा के समय हॉल टिकिट जनरेट होने पर उसे पता लगता है कि उसके साथ छलावा हुआ है। वर्ष 2020 में ऐसी ही घटना रेडिएंट कॉलेज में घटित हुई थी जहाँ विद्यार्थियों को धोखा देकर उनके एडमिशन किये गए थे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का यह ÷छात्र उदघोष÷ मांग करता है कि ऐसे अवैध एडमिशन देने वाले आईटीआई कॉलेजों को चिन्हित कर कार्रवाई संस्थित की जाए।

# पिछोर कार्यक्रम के दौरान भौंती मंडल उपाध्यक्ष चंद्रभान सिंह के घर पहुंचे भाजपा सांसद केपी यादव

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**पिछोर–** सांसद के पी यादव कल पिछोर तहसील के भोंती में हो रहा है कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आए थे पहले सांसद के पी यादव निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पिछोर तहसील के शक्ति केंद्र बदरखा और शक्ति केंद्र भौती मे हो रहे कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे दोपहर 1ः00 बजे भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा द्वारा खेलेगा मध्यप्रदेश कार्यक्रम में शामिल हुए इसके बाद शक्ति केंद्र




नंदा में स्नेह भोज कर दिव्यांगजन कृत्रिम अंग वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए इसके बाद अचानक सांसद केपी यादव भोंती मंडल के उपाध्यक्ष चंद्रभान सिंह लोधी के घर पहुंच गए जहां मंडल उपाध्यक्ष द्वारा सांसद के पी यादव का श्रीफल देकर फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया स्वागत के दौरान लालाराम नेताजी, जितेंद्र (जीतू)लोधी, सुनील गुप्ता, हरदयाल लोधी, उमेश लोधी, रामेश्वर साथ ही भाजपा के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे

### राशन दुकान विक्रेता रामेश्वर लोधी द्वारा राशन उपभोक्ता को गाली गलौज दी

# पिछोर क्षेत्र में सेल्समैनओं की दबंगई कई बार पिटाई खा चुके हैं उपभोक्ता

**राकेश परिहार रिपोटर पिछोर**

पिछोर, अनुविभागीय अंतर्गत ग्राम पंचायत खेरबास में शासकीय उचित मूल्य की दुकान विक्रेता रामेश्वर लोधी द्वारा दुकान संचालित की जाती है लेकिन उपभोक्ताओं के लिए राशन को लेकर गाली गलौज दी जाती है वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि दलित परिवार से अभिषेक जाटव जब राशन लेने के लिए शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर पहुंचा तो राशन ना देने पर दलित परिवार से अभिषेक जाटव से सीधी सीधी गाली गलौज करने लगा



**इनका कहना है ग्रामीण उपभोक्ता**

**अभिषेक जाटव**

जब मैं वहां पर राशन लेने के लिए पहुंचा तो मैंने गेहूं मांगा रामेश्वर लोधी से तो विक्रेता ने मुझे गेहूं नहीं दिया खाली चावल का बोला कि चावल ले जाओ तो मैंने कहा मेरे को सर थोड़ा सा गेहूं दे दो इसके जवाब में विक्रेता रामेश्वर लोधी बुरी बुरी गालियां देने लगा और बोला जहां जाना है शिकायत कर मेरा कोई कुछ नहीं कर सकता

### नि :शुल्क प्राकृतिक चिकित्सा आरोग्य एवं परामर्श शिविर का आयोजन कल

बरका। पंचम प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के उपलक्ष्य में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ नेचुरोपैथी आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन सूर्या फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आरोग्य एवं परामर्श शिविर का आयोजन शासकीय माध्यमिक विद्यालय कैंपस ग्राम पंचायत मैथाना पहूज जिला दतिया में दिनाँक 24 जनवरी मंगलवार को आयोजित होने जा रहा है कैम्प का आयोजन डॉ. हरिओम गुप्ता जी द्वारा करवाया जा रहा है कैम्प की जानकारी देते हुए स्टेट कॉर्डिनेटर आई. एन. ओ .मध्यप्रदेश डॉ. रामेन्द्र गुप्ता द्वारा बताया गया

# प्रभारी मंत्री ने की विकास यात्रा की तैयारियों की समीक्षा

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

**शिवपुरी,** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया गत दिवस रविवार को शिवपुरी जिले के भ्रमण पर आये। इस दौरान उन्होंने 5 फरवरी से शुरू होने जा रही विकास यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने उन्हें तैयारियों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक विधानसभा के लिए 2 बसें लगाई जाएंगी। अधिकारियों की टीम एक गांव से दूसरे गांव पहुंचेगी। विकास यात्रा के दौरान हितग्राहियों को लाभ वितरण भी किया जाएगा। विकास यात्रा की अवधि में गांव में गौरव दिवस का आयोजन किया जाएगा।प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि विकास यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में भूतपूर्व सरपंचों को भी सम्मानित किया जाएगा। विकास यात्रा सुबह से शुरू होकर शाम को समाप्त



होगी। शाम को जहां विकास यात्रा समाप्त होगी वहां सुंदरकांड का आयोजन किया जाए। यात्रा के दौरान विभागों द्वारा हितग्राही मूलक योजनाओं के प्रचार-प्रसार के पोस्टर बैनर लगाने के निर्देश दिए।प्रभारी मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने विभिन्न विभागों की भी समीक्षा की। स्कूलों में जहां बाउंड्री वॉल नहीं है उनके प्रस्ताव तैयार कर जिला पंचायत सीईओ के माध्यम से भेजने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए हैं। स्कूल में शिक्षकों की उपस्थिति की मॉनिटरिंग वीडियो कॉल के माध्यम से करने के निर्देश दिए। जिन गांव में डीपी चेंज होना है। जहां बिल जमा न होने के कारण विद्युत व्यवस्था नहीं है। वहां नियमानुसार 10त्न बिल जमा कराकर डीपी लगाने के निर्देश विद्युत विभाग को दिए हैं। इसके अलावा ऐसी ग्राम पंचायत, जहां सचिव नहीं है वहां सचिव की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं जिससे काम सुचारू रूप से किया जा सके। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को खराब हैंडपंप को ठीक करा कर पेयजल व्यवस्था सही करने के निर्देश दिए।

# कलेक्टर कार्यालय में किराये के वाहन प्रदाय किए जाने के लिए निविदा 30 जनवरी से 28 फरवरी तक आमंत्रित

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

**शिवपुरी,** कलेक्टर कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदारों के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में मासिक किराये पर वाहन उपलब्ध कराये जाने हेतु चतुर्थ बार 30 जनवरी से 28 फरवरी को शाम 5 बजे तक मुहरबंद निविदायें कलेक्टर कार्यालय शिवपुरी में आमंत्रित की गई है।डिप्टी कलेक्टर श्री अंकुर रवि गुप्ता ने बताया कि निविदा की शर्ते, निविदा फार्म तथा अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में अवकाश के दिनों को छो?कर कार्यालय की नाजिर शाखा से प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदायें 1 मार्च 2023 को दोपहर 02 बजे तक कलेक्टर कार्यालय शिवपुरी के सभाकक्ष में उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जाएगी। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। विज्ञापन, शर्ते व आवेदन की प्रारूप इत्यादि का विवरण बेवसाईड पर एवं कार्यालय के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।



# 60 हजार करोड़ का कर्ज लेने वाले भूपेश सिर्फ 60 करोड़ के लिए जनता की जान से खेल रहे- डॉ. बांधी

### सिंहदेव जूनियर डॉक्टरों की मांग पूरी करें या इस्तीफा दें

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा प्रवक्ता व राज्य शासन के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी ने राज्य के जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल से स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा जाने और मरीजों की जान पर संकट खड़ा हो जाने का हवाला देते हुए कहा है कि या तो स्वास्थ्य मंत्री जूनियर डॉक्टरों की जायज मांगों को फौरन पूरी करें या फिर स्वास्थ्य मंत्री का पद छोड़ दें। मांगों को सही मानना और उन्हें पूर्ण न करना सिर्फ एक तमाशा है। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव फंड का रोना रोते हुए गेंद मुख्यमंत्री के पाले में उछाल रहे हैं और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सिंहदेव के विभाग के लिए फुर्सत नहीं है। इन दोनों के सत्ता संघर्ष में राज्य की गरीब जनता की जान पर बन आई है।प्रदेश भाजपा प्रवक्ता डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी ने कहा कि आम गरीब, मध्यम वर्ग के लोग अपने इलाज के लिए सरकारी अस्पताल के भरोसे रहते हैं। जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल से प्रदेश की गरीब जनता को इलाज नहीं मिल पा रहा है। जूनियर डॉक्टर स्टाइफंड व अनुबंधित डाक्टरों का मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर 5 दिनों से हड़ताल पर हैं। 2019 से इन जूनियर डॉक्टरों का मानदेय नहीं बढ़ा है। एक लाख करोड़ का भारी- भरकम बजट पेश करने का दावा करने वाली छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार की आर्थिक बदहाली की पोल फिर खुल गई है।

### पाठ्य पुस्तक निगम घोटाले की गहराई से जांच की जाए- चौधरी

# कांग्रेस ने बच्चों की पढ़ाई को भी नही बक्शा उनके हक का पैसा भी लूट रहे है:भाजपा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने पाठ्य पुस्तक निगम में सामने आए 130 करोड़ के ताजा घोटाले का हवाला देते हुए कहा है कि राज्य के शिक्षा स्तर को देश भर में अंतिम स्थिति में पहुंचा चुकी सरकार हालात सुधारने की बजाय पाठ्य पुस्तक निगम में करोड़ों रुपए के टेंडर घोटाले को संरक्षण दे रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तत्काल टेंडर घोटालेबाजी की सक्षम जांच के आदेश दें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोगों की एक मांग पर पिछली सरकार के नियमानुसार स्वीकृत कार्य की जांच राज्य की एजेंसियों को सौंपने तैयार रहने वाले मुख्यमंत्री अपनी सरकार के बड़े बड़े घोटालों पर मौन क्यों हैंड़प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने दस्तावेज आधारित मीडिया रिपोर्ट्स पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह सरकार घोटालों की सरकार है।हर जगह घोटाले हो रहे हैं। डीएमएफ की रकम फर्जी टेंडरबाजी के जरिये उड़ाने के मामले सामने आ चुके हैं। भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करने की जगह मुख्यमंत्री उनका संरक्षण कर रहे हैं और इसी क्रम में पाठ्यपुस्तक निगम घोटाला निगम बन गया है। पाठ्यपुस्तक निगम में करीब 130 करोड़ का ई टेंडर घोटाला सामने आया है। वर्ष 2023-24 के लिए निगम ने स्कूली बच्चों की पुस्तकों की छपाई के लिए लगभग 10 हजार टन कागज खरीदी की निविदा निकाली थी। करीब 130 करोड़ की कागज खरीदी के लिए अलग अलग राज्यों की कंपनियों ने एक ही दिन 19 सितंबर 2022 को एक घंटे के अंतराल में टेंडर भर दिया। चार अलग अलग कंपनियों ने टेंडर का फाइनल सब्मिशन एक ही सिस्टम या लैपटॉप से किया। यह कैसे संभव है। साफ जाहिर है कि टेंडर घोटाला हुआ है। पाठ्य पुस्तक निगम में लगातार घोटालेबाजी सामने आ रही है। तुरंत अध्यक्ष से इस्तीफे लेकर इसकी जांच करानी चाहिए।कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार बच्चो के शिक्षा के पैसों में भी डाका डालने से बाज नही आ रही है।

# श्रम विभागीय योजनाओं के अंतर्गत पंजीयन अभियान चलाए जाने के संबंध में जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई

**पुष्पांजली टुडे**

**दतिया।** कलेक्टर महोदय श्री संजय कुमार ने श्रम विभाग के अंतर्गत संचालित प्रमुख योजनाओं के अंतर्गत पंजीयन हेतु विशेष अभियान दिनांक 16.01.2023 से 31.03.2023 तक चलाए जाने हेतु समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी को निर्देशित किया। श्रम निरीक्षक श्रीमती निशा जहां द्वारा बताया गया की दतिया जिले में वर्तमान में ईश्रम पोर्टल पर कुल 231758 पंजीयन हैसंबल 2.0 योजना के अंतर्गत जिले के सभी असंगठित श्रमिक जो पात्रता की श्रेणी में सम्मिलित है एमपी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन कर सकते है,पंजीयन हेतु पदाविहीत अधिकारी ग्रामीण क्षेत्र में मुख्य कार्यपालन



अधिकारी जनपद पंचायत तथा शहरी क्षेत्र हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी है।प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना के अंतर्गत असंगठित क्षेत्र में कार्यरत 18 से 40 वर्ष की आयु के श्रमिक जो आयकर दाता नहीं है,जिनकी मासिक आय 15000 रु से कम है,आयु अनुसार हितग्राही को 55 से 200 रू प्रतिमाह प्रीमियम राशि जमा करने पर 60 वर्ष की आयु पर 3000रू की पेंशन की पात्रता होगी। वर्तमान में दतिया जिले में 1388 श्रमिकों का श्चद्वह्य4द्व के अंतर्गत पंजीयन है।उक्त बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, समस्त राजस्व अधिकारी,अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत,समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत,समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी,महिला बाल विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर,तथा शहरी क्षेत्रों में वार्ड स्तर पर कैंप आयोजित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

### राज्यपाल पर अमर्यादित टिप्पणी भूपेश की बौखलाहट का प्रमाण- देवलाल ठाकुर

#### बघेल अपने पद की गरिमा का सम्मान करना सीख लें– भाजपा

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने राज्यपाल के विरुद्ध मुख्यमंत्री की टिप्पणियों को अमर्यादित करार देते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपनी संवैधानिक मर्यादाओं का तो पालन कर नहीं पा रहे हैं। अब लगता है कि शाब्दिक मर्यादा भी भूल गए हैं। वे राज्यपाल से कहते हैं कि मुहूर्त निकालना पड़ेगा। ऐसी भाषा का उपयोग मुख्यमंत्री जैसे पद पर बैठे व्यक्ति को शोभा नहीं देता। आरक्षण के मामले में मुख्यमंत्री जनता के सवालों से घिर गए हैं और बौखलाहट में अनाप-शनाप बयान दे रहे हैं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा कि भूपेश बघेल सरकार द्वारा हाई कोर्ट में साजिशन पक्ष ठीक से न रखने के कारण छत्तीसगढ़ में आरक्षण रद्द हुआ। अब सुप्रीम कोर्ट ने भी उस पर स्टे देने से मना कर दिया। जिस कॉन्टिफाइवल डाटा आयोग की रिपोर्ट के आधार पर विधानसभा में भूपेश बघेल सरकार ने आरक्षण विधेयक लाया था, वह डाटा न तो विधानसभा को दिखा रहे हैं न राज्यपाल को दिखा रहे हैं। भूपेश बघेल जी छत्तीसगढ़ की जनता को ठगना बंद कर दीजिए। जनता अब आपकी कलाबाजियों को समझ गई है। इसीलिए जगह- जगह भेंट मुलाकात में आपसे प्रश्न पूछती है और आप बौखला जाते हैं। एक खानदान छोड़कर किसी और का सम्मान तो आप कर नहीं सकते। कम से कम अपने पद की गरिमा का सम्मान करना तो सीख लें

## संक्षिप्त खबरें

### बड़ा स्कोर कुछ दूर ही है : रोहित शर्मा

**रायपुर।** एकदिवसीय क्रिकेट में शतक के सूखे से गुजर रहे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ आठ विकेट की विशाल जीत के बाद कहा कि वह अपनी बल्लेबाजी से खुश हैं और बड़ा स्कोर कुछ दूर ही है। रोहित ने मैच के बाद कहा, 'मैं अपने खेल को थोड़ा बदलने की कोशिश कर रहा हूं। गेंदबाजों पर हमलावर होने की कोशिश रहती है और मुझे लगता है कि यह ज़रूरी है। मैं जानता हूं कि बड़े (निजी) स्कोर नहीं आये हैं लेकिन मैं उसके बारे में ज्यादा चिंतित नहीं हूं। वह कुछ दूर ही हैं। उल्लेखनीय है कि रोहित ने जनवरी 2020 के बाद से एकदिवसीय क्रिकेट में सौ रन का आंकड़ा नहीं छुआ है, हालांकि शनिवार को वह अच्छी लय में नजर आये। न्यूजीलैंड ने दूसरे वनडे में भारत के सामने 109 रन का मामूली लक्ष्य रखा, जिसे भारत ने 20.1 ओवर में ही हासिल कर लिया। रोहित ने भारत की जीत में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए 50 गेंदों पर 51 रन बनाये।

### केदार जाधव के खिलाफ काररवाई की मांग

**मुंबई।** इंडिया अगेंस्ट करप्शन (आईएसी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमंत पाटिल ने क्रिकेटर केदार जाधव के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की। केदार जाधव पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए मैच बीच में ही छोड़कर चले गए। पाटिल ने कहा कि वह जाधव के कृत्य के संबंध में बीसीसीआई में शिकायत दर्ज कराएंगे।

### युवेंटस पर गलत हिसाब रखने के लिए जुर्माना

**रोम।** इटली के सबसे प्रतिष्ठित फुटबॉल क्लब युवेंटस पर इटली फुटबॉल महासंघ में एक अपील की सुनवाई के बाद गलत हिसाब रखने के लिए 15 अंकों का जुर्माना लगाया गया है। शुक्रवार को सुनाई गई इस सजा के बाद युवेंटस की अगले सत्र में यूरोपीय टूर्नामेंटों में खेलने की संभावना समाप्त हो गई है। इटली की शीर्ष फुटबॉल प्रतियोगिता सेरी ए में रिकॉर्ड 36 बार के चैंपियन युवेंटस इस जुर्माने के बाद चोटी पर चल रहे नेपोली से 25 अंक पीछे हो गया है। चैंपियंस लीग में जगह बनाने कि उसकी संभावना भी समाप्त हो गई है क्योंकि वह चौथे नंबर की टीम से 12 अंक पीछे हो गया है। यह सजा सुनाए जाने से पहले युवेंटस सेरी ए में तीसरे स्थान पर चल रहा था। युवेंटस ने कहा कि वह इटली की सर्वोच्च खेल अदालत में अपील करेगा जो इटली ओलंपिक समिति के अंतर्गत आती है। इसके अलावा युवेंटस के पूर्व अध्यक्ष एंड्रिया एग्नेली और क्लब के पूर्व सीईओ मॉरीजियो अरिवेबिन को फुटबॉल गतिविधियों में भाग लेने से दो साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है।

### बीबीएल के बाद क्रिकेट को अलविदा कहेंगे डैन क्रिस्टियन

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सबसे अनुभवी टी20 क्रिकेटरों मे से एक डैन क्रिस्टियन ने घोषणा की है कि मौजूदा बिग बैश लीग (बीबीएल) के बाद वह क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। इस ऑलराउंडर ने शनिवार को ट्विटर पर संन्यास की घोषणा करते हुए कहा, 'कल (शुक्रवार) अभ्यास के दौरान मैंने सिडनी सिक्सर्स के अपने साथियों को बताया कि बीबीएल के इस सत्र के बाद मैं संन्यास ले रहा हूं।' क्रिस्टियन मई में 40 साल के हो जाएंगे। अपने 17 साल के करियर के दौरान उन्होंने 18 टीमों का प्रतिनिधित्व किया तथा 405 टी20 मैचों में 5809 रन बनाने के अलावा 280 विकेट भी लिए। क्रिस्टियन ने ऑस्ट्रेलिया की तरफ से 23 टी20 अंतरराष्ट्रीय और 20 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले।

### उमेश यादव से 44 लाख रुपये की ठगी, जांच शुरू

**नागपुर।** भारतीय तेज गेंदबाज उमेश यादव से उनके दोस्त और उनके पूर्व मैनेजर ने कथित रूप से 44 लाख रुपये की ठगी की जो महाराष्ट्र के नागपुर में उनके नाम पर एक प्लॉट खरीदने के नाम की गई है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि नागपुर निवासी उमेश यादव की शिकायत पर शैलेश ठाकरे के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। ठाकरे (37) कोराडी का निवासी है और उमेश यादव का दोस्त है। अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। अधिकारी ने प्राथमिकी का हवाला देते हुए कहा कि उमेश यादव को भारतीय टीम में चुने जाने के बाद उन्होंने अपने दोस्त ठाकरे को 15 जुलाई 2014 को अपना मैनेजर नियुक्त किया क्योंकि उस समय वह बेरोजगार था। उन्होंने कहा कि यह खिलाड़ी नागपुर में जमीन खरीदना चाहता था और इस बारे में ठाकरे से कहा।

# भारत ने न्यूजीलैंड से वनडे सीरीज जीती

## शमी और हार्दिक ने की घातक गेंदबाजी, रोहित ने जमाया अर्धशतक

**रायपुर (भाषा)।** भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण ने शनिवार को यहां दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड के कमजोर बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त कर दिया जिससे मेजबान टीम ने आठ विकेट की जीत से तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढत बना ली। मोहम्मद शमी की अगुआई वाले तेज गेंदबाजी आक्रमण ने मुश्किल पिच पर शानदार प्रदर्शन किया और भारत ने न्यूजीलैंड को 108 रन पर समेट दिया।

इस लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत ने कप्तान रोहित शर्मा के 51 गेंद में 50 रन और शुभमन गिल के नाबाद 40 रन (53 गेंद) से 20.1 ओवर में 111 रन बनाकर जीत दर्ज की। भारत की यह शानदार जीत रही लेकिन शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में मौजूद क्रिकेट के जुनूनी दर्शकों को मैच जल्दी खत्म होने से थोड़ी निराशा रही। रायपुर के इस स्टेडियम ने अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच में शानदार पदार्पण किया।

न्यूजीलैंड ने 11वें ओवर में 15 रन पर पांच विकेट गंवा दिये थे जिसमें शमी (18 रन देकर तीन विकेट) और मोहम्मद सिराज (10 रन देकर एक विकेट) की भूमिका अहम रही। इन दोनों ने गेंदबाजों के मुफीद पिच पर अपनी बेहतरीन सीम गेंदबाजी से बल्लेबाजों के लिये रन जुटाना मुश्किल कर दिया। गेंद रूककर आ रही थी जिससे बल्लेबाजों के लिये एक एक रन जोड़ना कठिन लग रहा था। हालांकि भारतीय बल्लेबाज जब शाम को क्रीज पर उतरे तो बल्लेबाजी आसान दिख रही थी। सीरीज का तीसरा और अंतिम वनडे मंगलवार को इंदौर में खेला जायेगा।

न्यूजीलैंड सलामी बल्लेबाज फिन एलेन खाता भी नहीं खोल सके और शमी की फुल लेंथ गेंद को चूक गये जो उनके स्टंप उखाड़ कर चली गयी। फिर सिराज की गेंद तीसरे नंबर के बल्लेबाज हेनरी निकोल्स का बल्ले का किनारा लेकर शुभमन गिल के हाथों में पहुंच गयी।

शमी और हार्दिक पंड्या (16 रन देकर दो विकेट) के शानदार रिटर्न कैच ने फिर न्यूजीलैंड को और परेशानी में डाल दिया। शमी ने डेरिल मिचेल को अपनी ही गेंद पर आउट किया जो उनकी गेंद को फ्लिक करने की कोशिश कर रहे थे।

**दूसरा मुकाबला**

- सीरीज में भारत 2-0 से आगे, तीसरा मुकाबला इंदौर में 24 को

वहीं हार्दिक का 10वें ओवर में डेवोन कॉनवे का अपनी ही गेंद पर एक हाथ से कैच लपकना बेहतरीन रहा। शार्दुल ठाकुर (26 रन देकर एक विकेट) भी एक विकेट झटकने में सफल रहे जब उनकी गेंद टॉम लॉथम के बल्ले का किनारा लेकर शुभमन गिल के हाथों में चली गयी। न्यूजीलैंड के कप्तान ने लूज शॉट खेला और गिल ने भी स्लिप में आसान कैच लपक लिया।

न्यूजीलैंड की टीम मुश्किल में थी लेकिन पिछले मैच के शतकवीर माइकल ब्रेसवेल (22 रन) क्रीज पर थे तो उम्मीद बंधी हुई थी। उनके साथ उनके जितने ही खतरनाक ग्लेन फिलिप्स (36 रन) भी क्रीज पर थे।

ब्रेसवेल ने शमी पर कवर पर चौका जड़कर इरादे जाहिर कर दिये। उन्होंने 19वें ओवर में लगातार चौके खाने के बाद शमी ने एक तेज बाउंसर फेंका और ब्रेसवेल इसे पुल करने की कोशिश में बल्ला छुआकर विकेटकीपर ईशान किशन को कैच दे बैठे।

हैदराबाद में पहले वनडे में अर्धशतक जड़ने वाले मिचेल सैंटनर (27 रन) फिर फिलिप्स के साथ क्रीज पर थे। इन दोनों ने सातवें विकेट के लिये 47 रन की साझेदारी निभाकर टीम को 100 रन के पार कराया। हालांकि ये दोनों छह गेंद के अंदर आउट हो गये जिससे न्यूजीलैंड की वापसी करने की उम्मीद भी खत्म हो गयी।

सैंटनर हार्दिक की गेंद पर बोल्ड हुए जबकि फिलिप्स ने वाशिंगटन सुंदर (सात रन देकर दो विकेट) की गेंद पर सूर्यकुमार यादव को कैच दे दिया। कुलदीप यादव (29 रन देकर एक विकेट(ने 11वें नंबर के ब्लेयर टिकनर को आउट कर न्यूजीलैंड की पारी 34.3 ओवर में समाप्त की।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे रोहित ने अपने पसंदीदा पुल शॉट्स से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इसमें से एक छक्के के लिए गया जो मैच का पहला छक्का भी रहा। उन्होंने लॉकी फर्ग्यूसन पर फाइन लेग में ये छह रन बनाये। हैदराबाद में पहले वनडे में दोहरा शतक जड़कर आत्मविश्वास से भरे गिल ने भी कुछ शानदार स्ट्रोक लगाये जिसमें फर्ग्यूसन पर लगा कवर ड्राइव शॉट लाजवाब रहा।



विकेट लेकर खुश मो. शमी (दाएं)।

### टॉस जीतकर क्या करना है, भूल गये रोहित शर्मा

**रायपुर (वार्ता)।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में टॉस जीतने के बाद करीब 10 सेकंड के लिए भूल गये कि उन्हें पहले गेंदबाजी करना है या बल्लेबाजी। रोहित ने कुछ देर सोचने के बाद कहा, 'हम पहले गेंदबाजी करेंगे।' रवि शास्त्री ने जब उनसे इतना सोच में पड़ने का कारण पूछा, तो रोहित ने कहा, 'मैं भूल गया था कि हम क्या करना चाहते थे। टीम में टॉस को लेकर काफी बातचीत हो रही है।'

### स्कोर बोर्ड (मैन ऑफ द मैच : शमी)

**न्यूजीलैंड :**

| | |
|---|---|
| फिन एलेन बो शमी | 00 |
| डेवोन कॉनवे का एवं बो पंड्या | 07 |
| हेनरी निकोल्स का गिल बो सिराज | 02 |
| डेरिल मिचेल का एवं बो शमी | 01 |
| टॉम लाथम का गिल बो शारदुल | 01 |
| ग्लेन फिलिप्स का सूर्यकुमार बो सुंदर | 36 |
| माइकल ब्रेसवेल का किशन बो शमी | 22 |
| मिचेल सेंटनर बो पांड्या | 27 |
| हेनरी शिपली नाबाद | 02 |
| लॉकी फर्ग्यूसन का सूर्यकुमार बो सुंदर | 01 |
| ब्लेयर टिकनर पगबाधा कुलदीप | 02 |
| **अतिरिक्त :** | 07 |
| **कुल :** (34.3 ओवर में सभी आउट) | 108 |

**विकेट पतन :** 1/0, 2/8, 3/9, 4/15, 5/15, 6/56, 7/103, 8/103, 9/105, 10/108

**गेंदबाजी :** शमी 6-1-18-3, सिराज 6-1-10-1, शारदुल 6-1-26-1, पंड्या 6-3-16-2, कुलदीप 7.3-0-29-1, सुंदर 3-1-7-2

**भारत :**

| | |
|---|---|
| रोहित शर्मा पगबाधा बो शिपली | 51 |
| शुभमन गिल नाबाद | 40 |
| विराट कोहली नाबाद | 11 |
| ईशान किशन नाबाद | 08 |
| **अतिरिक्त :** | 01 |
| **कुल :** (20.1 ओवर में दो विकेट पर) | 111 |

**विकेट पतन :** 1/72, 2/98

**गेंदबाजी :** फर्ग्युसन 5-0-21-0, हेनरी शिपली 5-0-29-1, ब्लेयर टिकनर 4-0-19-0, मिचेल सेंटनर 4.1-0-28-1, माइकल ब्रेसवेल 2-0-13-0



रायपुर : बल्लेबाजी के दौरान रोहित शर्मा से लिपट गया दर्शक।

# भारत की अग्रिम पंक्ति को दिखाना होगा दम

**भुवनेश्वर (भाषा)।** वेल्स की अपेक्षाकृत कमजोर टीम के खिलाफ लचर प्रदर्शन करने के कारण क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश करने में नाकाम रही भारतीय टीम को एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप में अगर अपनी संभावनाएं जीवंत रखनी है तो उसे रविवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले क्रॉसओवर मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

भारत को सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए पूल डी के अपने अंतिम मैच में वेल्स पर आठ गोल के अंतर से जीत दर्ज करने की जरूरत थी लेकिन भारतीय फॉरवर्ड अच्छा खेल नहीं दिखा पाए और भारत आखिर में यह मैच 4-2 से ही जीत पाया।

भारत को अब क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए न्यूजीलैंड को हर हालत में हराना होगा जो पूल सी में तीसरे स्थान पर रहा था। भारत अभी विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर जबकि न्यूजीलैंड 12वें स्थान पर है। न्यूजीलैंड की टीम अभी तक कभी विश्वकप के सेमीफाइनल में नहीं पहुंची है। उसने टूर्नामेंट में अभी तक कोई खास प्रदर्शन नहीं किया है और ऐसे में कलिंग स्टेडियम में होने वाले मैच में भारतीय टीम जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरूआत करेंगी। मिडफील्डर हार्दिक सिंह के चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो जाने से भारत को करारा झटका लगा है। हार्दिक इंग्लैंड के खिलाफ 15 जनवरी को खेले गए मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। भारतीय अग्रिम पंक्ति पहले ही संघर्ष कर रही है और ऐसे में हार्दिक का चोटिल होना उसके लिए बड़ा झटका है। भारत यदि न्यूजीलैंड को हरा देता है तो क्वार्टर फाइनल में उसका सामना मौजूदा चैंपियन बेल्जियम से होगा। स्पेन के खिलाफ भारत की जीत में अकेले दम पर गोल दागने वाले हार्दिक की जगह राजकुमार पाल को टीम में लिया गया है। हार्दिक वेल्स के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाए थे। इंग्लैंड और स्पेन ने वेल्स को करारी शिकस्त दी थी लेकिन भारतीय टीम को उसके खिलाफ संघर्ष करना पड़ा क्योंकि अग्रिम पंक्ति के खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। वेल्स के खिलाफ मैच में भारत शुरू से ही अपनी रणनीति के अनुसार नहीं चल पाया। अग्रिम पंक्ति के अलावा रक्षापंक्ति भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और उसने उस टीम के खिलाफ दो गोल गंवाए जो विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज है। हार्दिक सिंह की अनुपस्थिति में मनदीप सिंह और आकाशदीप जैसे खिलाड़ियों का प्रदर्शन भारत के लिए अहम होगा। भारत निश्चित तौर पर इस मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा लेकिन न्यूजीलैंड की टीम को किसी भी मायने में कम करके नहीं आंका जा सकता है। भारत ने पिछले साल अक्टूबर-नवम्बर में इसी मैदान पर न्यूजीलैंड को एफआईएच प्रो लीग के दो मैचों में 4-3 और 7-4 से हराया था।

**हॉकी विश्व कप**

- न्यूजीलैंड के खिलाफ क्रॉस ओवर मैच आज शाम सात बजे से
- जीतने वाली टीम का क्वार्टर फाइनल बेल्जियम से मुकाबला
- सीधे क्वार्टर फाइनल में पहुंचने से चूक गया था भारत

### हार्दिक विश्व कप से बाहर

**भुवनेश्वर (वार्ता)।** न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले अत्यंत महत्वपूर्ण क्रॉसओवर मैच से पहले भारत के मिडफील्डर हार्दिक सिंह हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 से बाहर हो गये हैं। हॉकी इंडिया ने बताया कि हार्दिक की जगह अतिरिक्त खिलाड़ी राज कुमार पाल को टीम में शामिल किया गया है। इंग्लैंड और भारत के बीच 15 जनवरी को खेले गये मुकाबले में हार्दिक चोटग्रस्त हो गये थे। वेल्स के खिलाफ मैच में हार्दिक को आराम दिया गया था।

# अंडर 19 वर्ल्ड कप में भारत की पहली हार

**पोचेफस्ट्रूम (एजेंसी)।** ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन दिखाने वाली भारतीय अंडर 19 महिला टीम को पहली टी-20 महिला विश्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता में पहली हार का स्वाद चखना पड़ा। आस्ट्रेलिया ने यहां खेले गये सुपर सिक्स के ग्रुप एक के पहले मुकाबले में शनिवार को भारत को आसानी से सात विकेट से हरा दिया। भारत का अगला मुकाबला श्रीलंका से होगा। इसी ग्रुप के एक अन्य मैच में बांग्लादेश ने दक्षिण अफ्रीका को पांच विकेट से शिकस्त दे दी।

नॉर्थवेस्ट यूनिवर्सिटी ग्राउंड एक पर खेले गये इस मैच में आस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले भारतीय महिलाओं को खेलने को कहा। लेकिन अंडर 19 भारतीय खिलाड़ी 18.5 ओवर में केवल 87 रन बनाकर आउट हो गयी। जवाब में आस्ट्रेलिया ने 13.5 ओवर में तीन विकेट पर 88 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। भारत के लिए मैच में ओपनर और उपकप्तान श्वेता सेहरावत ने सबसे ज्यादा 21 रन बनाये। जबकि कप्तान शेफाली वर्मा ने आठ और रिचा घोष ने केवल सात रन का योगदान किया। बाद में हर्षिता बासु और तिटास साधू ने 14-14 रन बनाकर स्कोर 87 तक पहुंचाया। आस्ट्रेलिया की ओर से सियाना गिंगर ने तीन और मिली इलिंगवर्थ तथा मैगी क्लार्क ने दो-दो विकेट हासिल किये।

आस्ट्रेलिया के लिए एमी स्मिथ ने नाबाद 26 और क्लेयर मूर ने अविजित 25 रन का योगदान किया। साथ ही सियाना गिंगर ने 11 और केट पेल ने 17 रन बनाये।

- आस्ट्रेलिया ने मुकाबला आसानी से सात विकेट से जीता
- कप्तान शेफाली वर्मा और रिचा घोष जैसी सीनियर खिलाड़ी सस्ते में आउट हुई
- भारत का अगला मुकाबला श्रीलंका के खिलाफ होगा

# फाइनल में पहुंचे एक्सलेसन और यामागूची

**नई दिल्ली (वार्ता)।** डेनमार्क के विक्टर एक्सलसन और जापान की अकाने यामागूची ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए शनिवार को अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर इंडिया ओपन 2023 के फाइनल में कदम रखा। इंदिरा गांधी स्टेडियम के केडी जाधव हॉल में सिर्फ 38 मिनट चले पुरुष एकल मुकाबले में एक्सलसन ने इंडोनेशिया के जॉनथन क्रिस्टी को 21-6, 21-12 से मात दी। फाइनल में विश्व नंबर एक एक्सलसन का मुकाबला थाईलैंड के कुनलावट विटिडसर्न से होगा, जो सेमीफाइनल में इंडोनेशिया के एंथनी गिनटिंग को 27-25, 21-15 से हराकर आ रह हैं।

दूसरी ओर, यामागूची ने साल के दूसरे टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने के लिए थाईलैंड की सुपानिदा केटथॉन्ग को शिकस्त दी। एक घंटे 10 मिनट तक चले मुकाबले में यामागूची ने विश्व नंबर एक सुपानिदा को 21-17, 21-16 से हराया। बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स और मलयेशिया ओपन के बाद यह यामागूची का लगातार तीसरा फाइनल है।

**इंडिया ओपन बैडमिंटन**

- महिला एकल सेमीफाइनल में यामागुची ने सुपानिदा को सीधे गेमों में पराजित किया




नई दिल्ली : रिटर्न करतीं जापान की अकाने यामागूची।

# जोकोविच, रूबलेव और सबालेंका चौथे दौर में, मरे हारे

**मेलबर्न (एपी)।** सर्बियाई स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने शनिवार को यहां ग्रिगोर दिमित्रोव को 7-6, 6-3, 6-4 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया।

मेलबर्न पार्क में 10वीं ग्रैंडस्लैम ट्राफी हासिल करने की कोशिश में जुटे जोकोविच ने दिमित्रोव को हराकर लगातार 24वीं जीत दर्ज की और अब उनका सामना आस्ट्रेलिया के 23 साल के एलेक्स डि मिनॉर से होगा।

**आस्ट्रेलियाई ओपन**

गत विजेता और 22 बार के मेजर चैंपियन रफेल नडाल, कैस्पर रूड और दानिल मेदवेदेव जैसे शीर्ष वरीय खिलाड़ियों के बाहर होने के बाद अब जोकोविच की निगाहें 22वां ग्रैंडस्लैम खिताब अपने नाम करने पर लगी हैं। तीन बार के मेजर चैंपियन एंडी मरे का सफर तीसरे दौर में रोबर्टो बतिस्ता अगुट से हारकर खत्म हो गया। 35 साल के मरे को साढे तीन घंटे तक चले मुकाबले में बतिस्ता ने 6-1, 6-7 (7), 6-3, 6-4 से हराया और अब उनका सामना अमेरिका के टॉमी पॉल से होगा।

पॉल सहित अमेरिका के चार खिलाड़ियों ने चौथे दौर में प्रवेश कर लिया है जिसमें जेजे वोल्ड, सेबेस्टियन कोर्डा और बेन शेल्टन शामिल हैं।

पांचवीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रूबलेव ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए डैन इवांस को 6-4, 6-2, 6-3 से हराकर चार साल में तीसरी बार चौथे दौर में प्रवेश किया। रूबलेव ने 60 विनर लगाए जिनमें 10 ऐस शामिल हैं।

रूबलेव ने मैच के बाद कहा, 'प्रत्येक मैच के बाद मेरे खेल में निखार आ रहा है। साल के शुरू में मैं वास्तव में अच्छे खिलाड़ियों के खिलाफ दो मैच गंवा बैठा था, जिससे मेरा आत्मविश्वास थोड़ा कमजोर पड़ गया था।'



रिटर्न लगाते नोवाक जोकोविच।

### बालाजी और जीवन ने पांचवीं सीड जोड़ी को हराकर उलटफेर किया

**मेलबर्न (भाषा)।** एन श्रीराम बालाजी और जीवन नेदुनचेझियान की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में पांचवीं वरीयता प्राप्त इवान डोडिग और ऑस्टिन क्राजिसेक के खिलाफ अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए बड़ा उलटफेर किया। इस प्रतियोगिता में एक वैकल्पिक टीम के रूप में आये बालाजी और नेदुनचेझियान की जोड़ी ने दो घंटे 20 मिनट तक चले मुकाबले में क्रोएशिया के डोडिग और अमेरिका के क्राजिसेक की जोड़ी को 7-6, 2-6, 6-4 से हराया। मिश्रित युगल स्पर्धा में अनुभवी सानिया मिर्जा और रोहन बोपन्ना भी सीधे सेटों में जीत के साथ दूसरे दौर में पहुंच गए।

# भारत, बांग्लादेश और नेपाल त्रिकोणीय सीरीज में भाग लेंगे

**कोलकाता (भाषा)।** भारत, बांग्लादेश और नेपाल की बधिर क्रिकेट टीमें 28 अप्रैल से छह मई तक यहां तीन देशों की एकदिवसीय टूर्नामेंट में भाग लेंगी। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) ने शनिवार को इसकी घोषणा की।

आईडीसीए ने कहा कि सौरव गांगुली की अकादमी और साल्ट लेक में एफसी ब्लॉक क्रिकेट अकादमी टूर्नामेंट की मेजबानी करेंगे। आईडीसीए ने भारत के लिए 21 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की टीम को चुना है। इसमें बाद में खिलाड़ियों की संख्या को 16 कर दिया जायेगा।

आईडीसीए के अध्यक्ष सुमित जैन ने कहा कि वे आईडीसीए टी20 प्रीमियर लीग का आयोजन कर रहे हैं जिसमें कर्नाटक, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, राजस्थान, महाराष्ट्र, पंजाब और दिल्ली की टीमें हिस्सा ले रही हैं।

उन्होंने कहा, 'हम उत्साहित हैं कि यह टूर्नामेंट सार्वजनिक जागरूकता पैदा करेगा। हम प्रायोजकों और इसके प्रशंसकों को दिव्यांगों के खेल को, विशेष रूप से क्रिकेट का समर्थन करने के लिए आमंत्रित करते हैं।'

**बधिर क्रिकेट**

- 28 अप्रैल से छह मई तक कोलकाता में होगा इसका आयोजन
- भाग लेने के लिए भारत की संभावित टीम में 21 खिलाड़ी चयनित
- अंतिम टीम में होंगे 16 खिलाड़ी

# फूडी करीना कपूर ने बताया कपूर खानदान का फेवरेट डिश, एक्ट्रेस ने खोले कई गहरे राज



बॉलीवुड की बेबो कही जाने वाली करीना कपूर इन दिनों फिल्मों से दूर अपने फॅमिली के साथ टाइम स्पेंड करती हुई नजर आ रही हैं। करीना कपूर की बेबाकी से तो सभी वाकिफ ही होंगे। एक्ट्रेस आए दिन कई ऐसे कॉन्ट्रोवर्शियल बयान दे देती हैं जिसके बाद वो लाइमलाइट में बन जाती हैं। ऐसे में एक बार फिर करीना ने कुछ ऐसे खुलासे कर दिए है। जिसे सुनकर आपके भी होश उड़ जाएंगे। दरअसल करीना कपूर इन दिनों अपने पति सैफ अली खान और बच्चों के साथ वेकेशन एन्जॉय करती हुई नजर आ रही हैं। करीना इन वक्त फिल्मों से दूर अपने पर्सनल लाइफ को ज्यादा एन्जॉय करती हुई दिख रही हैं। वही वेकेशन पर जाने से पहले करीना का एक इंटरव्यू शूट रिकॉर्ड किया गया था। जिसे अब टेलीकास्ट कर दिया गया हैं। वही इस इंटरव्यू में करीना ने अपने परिवार को लेकर कुछ ऐसे खुलासे कर दिए जिसके बारे में आपने भी कभी सुना नहीं होगा। टेलीकास्ट हुए इटरव्यू में करीना बताती नजर आती हैं की कपूर फैमिली के लिए क्या जरूरी है फिल्में या खाना। वे कपूर फैमिली की उस फेवरेट डिश का खुलासा भी करती हैं जिसका लुत्फ उठाने के लिए पूरा परिवार श्एकजुटश होता है। इंटरव्यू के दौरान यह पूछे जाने पर कि कपूर परिवार के लिए श्फूड या एक्टिंगश क्या ज्यादा जरूरी है? इस पर करीना कपूर ने कहा, इसका जवाब देना रियली बहुत मुश्किल है क्योंकि दोनों चीजों के लिए प्यार और जुनून है परिवार के लिए इन दोनों के लिए ही सबसे ज्यादा प्रायोरिटी भी हैं. फूड भी एक बड़ा डिसकशन है.द्व वहीं करीना ने उस डिश के बारे में भी बात की जिसने फैमिली को यूनाइट किया. करीना कहती हैं, मुझे लगता है कि यह होना ही चाहिए... एक बड़ी डिश जिसे हम सभी जब भी मिलते हैं खाना पसंद करते हैं, वह है पाया... यह एक ग्रेवी, एक करी की तरह है. कपूर परिवार की गैदरिंग्स के बारे में पूछे जाने पर, करीना ने कहा, जब भी हम सभी एक साथ होते हैं, तो मुझे लगता है कि हम सभी की आवाज बहुत तेज होती है. मुझे लगता है कि कभी-कभी हम बात भी नहीं कर रहे होते हैं. अगर कोई हमें सुनेगा तो उसे ऐसा लगेगा कि श्क्या वे फाइट कर रहे हैं?

## लस्ट स्टोरीज के इंटीमेट सीन पर सालों बाद भूमि पेडनेकर ने तोड़ी चुप्पी, कहा-ये गला घोंटने जैसा था...



बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर आज फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी अदाकारा हैं। जिन्होंने अपने फिल्मी करियर में अलग-अलग तरह के किरदारों से दर्शकों को इंप्रेस किया है। अपनी पहली फिल्म दम लगा के हईशा में एक मोटी लड़की रोल में भूमि ने अपने अभिनय से दर्शकों को दिल जीत लिया था। उसके बाद एक्ट्रेस ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। आज वो बी-टाउन की मोस्ट ग्लैमरस और टैलेंटेड अभिनेत्रियों की लिस्ट में शुमार हो गई हैं। अपनी एक्टिंग के अलावा भूमि ने कई फिल्मों में अपने बोल्ड सीन्स को लेकर भी काफी लाइमलाइट बटोरी है। उन्हीं फिल्मों से एक है ह्यलस्ट स्टोरीजद्ध जिसमें अदाकारा ने कई इंटीमेट सीन दिए। इन सीन्स को लेकर भूमि काफी चर्चा में छाई रहीं। वहीं हाल ही में भूमि ने फिल्म ह्यलस्ट स्टोरीजद्ध में दिए बोल्ड सीन्स पर खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने बताया कि फिल्म की शूटिंग के दौरान वो काफी नर्वस थीं। आपको बता दें कि नेटफ्लिक्स पर साल 2018 में श्लस्ट स्टोरीजश का पहला सीजन रिलीज हुआ था। जिसमें शॉर्ट फिल्मों की सीरीज को अनुराग कश्यप, जोया अख्तर, दिबाकर बनर्जी और करण जौहर ने डायरेक्ट किया था। लस्ट स्टोरीज में राधिका आप्टे, भूमि पेडनेकर, मनीषा कोइराला और कियारा आडवाणी के साथ आकाश ठोसर, विक्की कौशल और नील भूपलम अहम रोल में थे। डायरेक्टर जोया अख्तर के निर्देशन में बनी सीरीज में एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर एक हाउस हेल्प की भूमिका में नजर आई थीं, जिसका अपने मालिक के साथ ही अफेयर रहता है। दोनों के बीच शारीरिक संबंध भी दिखाए गए हैं। भूमि के मालिक के किरदार में नील भूपलम नजर आए थे। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू के दौरान भूमि ने नील के साथ अपनी इंटीमेट सीन्स का जिक्र करते हुए बताया कि उस वक्त दौरान वह बेहद घबराई हुई थीं। भूमि ने बताया कि ह्लजब मैंने लस्ट स्टोरीज की, तो मैं नर्वस थी। यह गला घोंटने जैसा था, लेकिन उन दिनों हमारे साथ इंटीमेसी कॉर्डिनेटर नहीं होते थे। लेकिन जोया ने बड़ी संजीदगी के साथ मेरे और नील को लेकर वह सीन शूट किया। जोया ने मुझसे कहा कि तुम एक लड़की हो और सबसे पहले ऐसे सीन के लिए तुम्हाकरा कंफर्टेबल होना जरूरी है। लेकिन मैं नर्वस थी, क्योंकि वो रुम लोगों से भरा हुआ था और मेरी बॉडी पर नाम मात्र के कपड़े थे। उन्होंने आगे आगे कहा कि हमारे पास प्रोटेक्शन था और टेक्निकली भी सब ठीक था। फिर भी नील और मुझे कहना पड़ा कि ये हमारी सीमाएं हैं। मुझे लगता हैध कि मेरे, मेरे डायरेक्ट र और मेरे को-एक्टुर के बीच वह बातचीत बहुत जरूरी थी। इसके बाद आपके लिए वह सीन बस फिल्मे के एक हिस्से की तरह बन जाता है।



## आखिर क्यों शादी में जूता छुपाई के दौरान कटरीना ने अपनी ही बहनों की लगा दी क्लास

बॉलीवुड के पावर कपल कहे जाने वाले विक्की कौशल और कटरीना कैफ आए दिन सुर्खियों में बने रहते हैं। दरअसल दोनों ही स्टार्स ने हाल ही में अपनी शादी की पहली सालगिरह सेलिब्रेट की हैं। दोनों ने बड़े ही प्राइवेट तरीके से सिर्फ अपने दोस्तों और परिवार वालों के बीच शादी रचाई थी। वही अब विक्की कौशल ने अपने शादी के एक महत्वपूर्ण रस्म का दिलचस्प किस्सा खुद सुनाई हैं। दरअसल हाल ही में विक्की कौशल की फिल्म गोविंदा नाम मेरा परदे पर रिलीज हुई हैं। वही विक्की ने इस फिल्म को काफी ज्यादा प्रमोट भी किया हैं। वही अब फिल्म प्रमोशन की बात हो और द कपिल शर्मा शो का जिक्र न हो ऐसा कैसे हो सकता हैं। ऐस में विक्की कौशल अपनी फिल्म को प्रमोट करने छोटे परदे का फेमस रियलिटी शो कपिल के शो में भी पहुंचे हुए थे। जहां विक्की एक बड़ा ही दिलचस्प राज खोलते हुए नजर आए। दरससल विक्की कौशल ने शादी में होने वाले जूता छुपाई रश्म के बारे में एक दिलचस्प किस्सा शेयर करते हुए दिखे। ये बात तो सभी जानते है की कटरीना कैफ की छ्ह बहने हैं। जूता छुपाई की रश्म बहने ही करती हैं। ऐसे में कपिल शर्मा ने विक्की कौशल से पूछा कि कटरीना की छ्ह बहने हैं। ऐसे में जूता चुराई की रस्म के दौरान तो आप लुट गए होंगे। इसके बाद में एक्टर ने कहा की-जब मैं मंडप में जा रहा था, तो कटरीना की बहनें आई और मेरी टांग खींचने लगीं। भाई बोले, जूते नहीं लेने देंगे। मैंने कहा कि ले लो जो लेना है और कटरीना की बहनों ने मेरे जूते कहीं छिपा दिए। विक्की ने आगे कहा कि जब हमारे फेरे खत्म हुए, तो कटरीना सनसेट से पहले कुछ तस्वीरें क्लिक करवाना चाहती थी। सूरज डूब रहा था और मेरे पास मेरे जूते नहीं थे। उस टाइम कटरीना ने सबको डांट लगाई, बोली- जूता कहां है इसका? ऐसे में कटरीना ने अपनी बहनों से जूते लेकर आने के लिए कहा।



## तुनिषा शर्मा और शीजान खानद की वजह से अब शो अली बाबां के मेकर्स ने उठाया ये बड़ा कदम

इन दिनों पूरी इंडस्ट्री में एक ही चर्चा हो रही है कि किस तरह महज 20 साल की तुनिषा शर्मा ने मौत को गले लगा लिया। अपने शूटिंग सेट पर एक्ट्रेस का फांसी लगाना कई सवाल खड़े कर गया है। भले ही एक्ट्रेस इस दुनिया से जा चुकी हैं लेकिन अपने पीछे वो कई सवाल और मायूसी छोड़ गई हैं। जिन हालातों में ये पूरा किस्सा हुआ उससे अब कई लोग सदमे हैं तो कुछ लोग डरे हुए हैं। वहीं, जिस शो में एक्ट्रेस मेन लीड निभा रही थी, अब उस शो के मेकर्स ने एक बड़ा कदम उठाया है। अली बाबा-दास्तान ए काबुल के मेकर्स अब एक नतीजे पर पहुंचे हैं। दरअसल, तुनिषा शर्मा की मौत और शीजान खान को पुलिस कस्टडी में देख मेकर्स को ये फैसला लेना ही पड़ा। क्योंकि शो की लीड एक्ट्रेस अब मर चुकी है और शो के मेन हीरो जेल में हैं ऐसे में शो में मेकर्स मजबूर है। दोनों की गैरमौजूदगी से शूटिंग बंद पड़ी है। जिसके चलते काफी नुक्सान हो रहा है, कई लोगों के घर चलना मुश्किल हो गए हैं। ऐसे में अब ये फैसला लिया गया है कि शो ऑफ एयर किया जाएगा। दरअसल, बताया जा रहा है कि तुनिषा शर्मा ने शीजान खान के मेकअप रूम में ही फांसी लगाई है, ऐसे में सेट पर काम करने से लोग अब डर रहे हैं। सेट पर दहशत है माहौल बना हुआ है। जब शूटिंग ही नहीं हो रही तो मेकर्स को भी रोजाना लाखों का नुकसान झेलना पड़ रहा है।



## नकुल मेहता ने बड़े अच्छे लगते हैं 2 छोड़ने की बताई बड़ी वजह, राम के किरदार में अब नजर सकता है ये एक्टर

नकुल मेहता टीवी की दुनिया का जाना माना नाम है। स्टार प्लस के पॉपुलर शो ह्यइश्कबाजद्ध में नकुल मेहता ने अपने रोल से लोगों को खूब वाहवाही बटोरी और इस वक्त नकुल मेहता शो बड़े अच्छे लगते हैं 2 में नजर आ रहे है, लेकिन अब इसी बीच एक ऐसी खबर आ रही है जिससे उनके फैंस थोड़े मायूस जरूर हो सकते है। नकुल मेहता ने हाल ही में शो को अलविदा करने की खबरों को कंफर्म कर दिया है। सोनी के शो बड़े अच्छे लगते हैं 2 में नकुल मेहता राम कपूर का किरदार निभा रहे है। इस शो को लोग खूब पसंद करते आ रहे है, लेकिन बीते कई दिनों से नकुल मेहता के शो को छोड़ने की खबरें आ रही थी, जिसके बाद अब नकुल मेहता ने भी इन खबरों पर अपनी चुप्पी तोड़ दी है और उनके जवाब को सुनने के बाद अब बेशक उनके फैंस नाराज हो सकते है। हाल ही में एक इंटरव्यू में नकुल मेहता ने कहा, शो को बहुत प्यार मिला। हमने जब इस शो की शुरूआत की थी तो हम थोड़े इस बात को लेकर चिंता में थे कि हम इस आइकॉनिक शो को कहां तक लेकर जा पाएंगे। अब मुझे लगता है कि जिस तरह से यह शो लोगों तक पहुंचा है वो बहुत खास रहा है। शो की कहानी बहुत जगहों पर घूम रही है और मुझे नहीं लगता कि मैं इसमें और कोई नयापन ला सकता हूं। मैं राम के किरदार को बहुत मिस करूंगा। खबरों की मानें को शो में जल्द ही कुछ सालों का लीप आने वाला है, जिस कराण से ही नकुल मेहता ने शो छोड़ने का फैसला किया है। अब शो में उनके जाने के बाद उनकी जगह कौन लेगा, ये सवाल हर किसी के मन में आ रहा है। माना जा रहा है कि इस बात पर शो के मेकर्स ने फैसला कर लिया है। कहा जा रहा है कि लीप के बाद नकुल मेहता की जगह एक्टर हितेन तेजवानी ले सकते है। बड़े अच्छे लगते हैं के पहले भाग में राम कपूर और साक्षी तंवर की जोड़ी को लोगों ने राम और प्रिया के रोल में ढेर सारा प्यार दिया, और इसके दूसरे भाग में नकुल और दिशा परमार की जोड़ी ने भी सबका दिल जीत लिया लेकिन अब ये जोड़ी टूटती हुई नजर आ रही है। नकुल की शो से एक्जिट की खबर ने उनके फैंस को काफी मायूस कर दिया है।

## दीपिका-आलिया के बाद इस फिल्ममेकर की हीरोइन बनेंगी रश्मिका मंदाना ! ऑफिस के बाहर स्पॉट हुई एक्ट्रेस

साउथ की जानी-मानी एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना की जबरजस्त फैन फॉलोइंग है। रश्मिका के हर एक अंदाज के लोग इस कदर दीवाने है कि उनकी एक झलक पाने को किसी को हद को पार कर जाते है। रश्मिका साउथ इंडस्ट्री में तो अपना जलवा लोगों के दिलों पर बिखेर ही चुकी है ,लेकिन हाल ही में उन्होंने फिल्म ह्यगुडबायद्ध ने अपना बॉलीवुड डेब्यू करके यहां भी लोगों की तारीफें बटोरी। इसी बीच उनकी एक और हिंदी फिल्म की चर्चा होने लगी है। हाल ही में रश्मिका मंदाना को सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म ह्यगुडबायद्ध में देखा गया। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भले ही कुछ खास कमाई न कर पाई हो, लेकिन रश्मिका मंदाना के काम की जमकर तारीफ हुई। इस फिल्म के बाद रश्मिका मंदाना रणबीर कपूर की फिल्म ह्यएनिमलद्ध में भी एक खास रोल निभाती नजर आने वाली है और इसी बीच अब एक और फिल्म की बातें होने लगी है क्योंकि हाल ही में रश्मिका मंदाना का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, हाल ही में रश्मिका मंदाना का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो बॉलीवुड के जाने-माने और मशहूर डायरेक्टर संजय लीला भंसाली के ऑफिस के बाहर दिखाई दे रही है। रश्मिका का ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो के सामने आने के बाद लोगों के बीच कयासों का दौर शुरू हो गया है कि शायद रश्मिका जल्द ही संजय लीला भंसाली की किसी अपकमिंग फिल्म में नजर आ सकती है। फिल्मी गलियारों में इस तरह की खबरें आने लगी है जिसके बाद अब रश्मिका मंदाना के फैंस की खुशी तो सातवें आसमान पर पहुंच गई है। संजय लीला भंसाली की फिल्म में काम करना हर एक एक्टर या एक्ट्रेस के लिए सपने जैसे होता है और अगर आने वाले समय में रश्मिका संजय लीला भंसाली की फिल्म में नजर आती है, तो बेशक ये उनके करियर के लिए एक बड़ी बात होगी। रश्मिका मंदाना के वर्कफ्रंट की बात करें तो, इन दिनों एक्ट्रेस फिल्म मिशन मजनू को लेकर चर्चा में बनी हुई है, जिसमें वो एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ नजर आने वाली है।



# विकास यात्रा 5 फरवरी से 25 फरवरी तक निकाली जायेंगीं

**ग्वालियर ।** कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि राज्य शासन द्वारा विकास और जनकल्याण के माध्यम से स्वराज के लक्ष्यों को हासिल करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क?ी में आगामी 5 से 25 फरवरी तक विकास यात्राओं का आयोजन किया जायेगा। विकास यात्रायें, जिले के सभी ग्रामों एवं नगर निगम सहित सभी नगरीय निकायों में पहुँचेंगीं। उन्होंने निर्देश दिए कि सुनियोजित और प्रभावी ढंग से विकास यात्रायें आयोजित करने के लिए रूट चार्ट तैयार करने के साथ-साथ राज्य शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत सभी तैयारियाँ जल्द से जल्द पूर्ण करें। कलेक्टर सिंह ने कहा कि शहरी क्षेत्र के लिये नगर निगम आयुक्त किशोर कान्याल एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिये सीईओ जिला पंचायत आशीष तिवारी प्रभारी अधिकारी रहेंगे। विकास यात्राओं के दौरान विकास



कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण, शासन की विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण व उनके साथ संवाद, केन्द्र और राज्य सरकार की फ्लेगशिप योजनाओं का प्रचार-प्रसार, यात्रा के मार्ग में प?ने वाली शासकीय संस्थाओं, स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबा?ी, विद्यालय, उचित मूल्य की दुकान, ग्राम पंचायत कार्यालय, पुलिस थाना, पशु चिकित्सालय, सहकारी साख समिति आदि का भ्रमण होगा और इन संस्थाओं को बेहतर बनाने के प्रयास भी होंगे। विकास यात्राएँ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के मुख्य आतिथ्य व मौजूदगी में आयोजित होंगीं। प्रभारी मंत्री सहित अन्य मंत्रिगणों के मार्गदर्शन में नवाचारी गतिविधियाँ भी विकास यात्राओं में शामिल होंगीं। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में यह निर्देश दिए हैं। बैठक में एडीएम एच बी शर्मा सहित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# गणतंत्र दिवस पर पुलिस अलर्ट, बम डिस्पोजल टीम ने विभिन्न स्थानों पर की चैकिंग

**्वालियर।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर ग्वालियर पुलिस अलर्ट है। इसके मददेनजर पुलिस लगातार चैकिंग व गश्त ब?ा रही है। जगह-जगह चैकिंग की जा रही है। सोमवार को बीडीडीएस टीम ने निरीक्षक अजय पाराशर के मार्गदर्शन में सार्वजनिक स्थानों पर विशेष चैकिंग अभियान चलाया।पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने गणतंत्र दिवस पर शहर को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सार्वजनिक व भी?भा? वाले स्थानों पर समय-समय पर आकस्मिक चैकिंग अभियान चलाने के लिये निर्देश जारी किये हैं। बम डिस्पोजल एवं डॉग स्क्वायड द्वारा सोमवार को रेलवे स्टेशन, डीडी मॉल, डीबी मॉल तथा बस स्टेण्ड आदि स्थानों पर संदिग्ध वस्तुओं की जांच प?ताल की गई। बीडीडीएस की टीम द्वारा यात्रियों के सामान की भी मेटल



डिटेक्टर व पुलिस डॉग के सहयोग से चैकिंग की गई। बीडीडीएस टीम ने लोगों से लावारिस वस्तुओं से दूर रहने तथा किसी भी प्रकार की लावारिस वस्तु दिखाई देने पर उसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की हैं।

# शासकीय सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले को निगम ने किया नोटिस जारी



**ग्वालियर ।** विगम दिवस काल्पी ब्रिज के पास रोड डिवाइडर को लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठाटीपुर बजरिया निवासी कमलेश श्रीवास्तव द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। निगम द्वारा उन्हें धारा 279 के तहत नोटिस जारी कर क्षति की भरपाई करने के निर्देश दिए हैं।नोडल अधिकारी रोहित तिवारी ने बताया कि 22 जनवरी 2023 को हाउस नम्बर 206 ठाटीपुर बजरिया निवासी कमलेश श्रीवास्तव द्वारा लापरवाही पूर्ण ड्राइविंग करते हुए काल्पी ब्रिज के पास रोड डिवाइडर में टक्कर मारने से रोड डिवाईडर नवनिर्मित रैलिंग एवं डिवाईडर में लगे पेड पौधों को क्षतिग्रस्त किया गया है। इस कारण निगम सम्पत्ति को काफी हानि पहंचाई गई है। लापरवाहीपूर्वक वाहन संचालन से जनहानि की भी पूर्ण संभावना थी। मोटर व्हीकल एक्ट 1988 के साथ-साथ भारतीय दण्ड संहिता की धारा 279 के अंतर्गत आपराधिक श्रेणी में आता है। दो दिवस के अंदर संबंधित द्वारा वर्तमान बाजार मूल्यांकन से भरपाई नहीं की गई तो उक्त धारा के तहत कार्यवाही की जाएगी।

# अंतिम छोर के व्यक्ति के सपनों को पूरा करना कांग्रेस का लक्ष्य: डॉ. सिकरवार

**ग्वालियर।** 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 29 में डी-3 गोविन्दपुरी माता मंदिर के पास, वार्ड 23 में सरकारी मल्टी सुरेश नगर एवं वार्ड 19 में सेनापति गार्डन जडेरूआ रोड में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित गांधी चौपाल में विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने लोगों की समस्याओं को सुना और समस्याओं को तत्परता से हल करवाने का आश्वासन दिया। गांधी चौपाल कार्यक्रम में विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने जनता को संबोधित करते हुये कहा कि महात्मा गांधी ने अंहिसा का रास्ता अपनाकर अंग्रेजों को भारत छोडने पर मजबूर किया और समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति के सपनों को पूरा करने का मार्ग कांग्रेस पार्टी के माध्यम से दिखाया। हजारों कांग्रेस जनों और नौजवानों के बलिदान से देश आजाद हुआ और विकास के रास्ते पर आगे बढा। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कहा कि हमें अपने कार्यक्रमों के माध्यम से भाजपा की करनी और कथनी को जनता के बीच उजागर करना है। गांधी चौपाल कार्यक्रम में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि देश में अराजकता का माहौल है और नफरत फैलाने का काम भाजपा द्वारा किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी देश में भाईचारा बनाये रखने के लिये काम करती रही है और देश व सर्वहारा वर्ग के विकास और




उत्थान के लिये कार्य रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जो सभी वर्गो का सम्मान करते हुये साथ लेकर चलती है। गांधी चौपाल कार्यक्रम में मोनू रजक, ओमप्रकाश प्रजापति, सुनील चंद्रवंशी, मुकेश चौरसिया, विजय मौर्य, हरेन्द्र नागर, भगवान दास कुशवाह, दौलत खान, सोनू राजावत आदि मौजूद रहे।गांधी चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा, जिला संगठन मंत्री सुरेन्द्र यादव, कार्यकारी जिलाध्यक्ष चतुर्भुज धनोलिया, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष मीनू परिहार, ब्लॉक अध्यक्ष महादेव अपोरिया, ब्लॉक अध्यक्ष गिर्राज शर्मा, प्रेमसिंह यादव, पूर्व पार्षद बलवीर तोमर, पार्षद श्रीमती कमलेश बलवीर तोमर, पार्षद प्रमोद खरे, श्रीमती सीमा समाधिया, श्रीमती वीना भारद्वाज, मंडलम अध्यक्ष संदीप यादव, रामौतार जाटव, रामसेवक माथुर, महेन्द्र शर्मा, श्रीमती संजना राजावत, छोटू तोमर, श्रीमती रेनू चौहान, श्रीमती कीर्ति पाठक, श्रीमती नीतू चौहान, श्रीमती आशा गौर, योगेन्द्र सिंह नोनेरा, बृजेन्द्र तोमर, सागरनाती आदि मौजूद रहे।

# चेम्बर के नवीन पदाधिकारियों ने पूजा-अर्चना कर ग्रहण किया पदभार



**ग्वालियर ।** म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री ग्वालियर के विगत? 18 जनवरी को सम्पन्न हुए निर्वाचन में नव-निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष हेमन्त गुप्ता, उपाध्यक्ष डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष संदीप नारायण अग्रवाल ने प्रातः 11 बजे 'चेम्बर भवन' में पधारकर पदभार ग्रहण किया ।इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि हमारी टीम आज से ही अंचल के व्यापार एवं उद्योग की प्रगति के लिए कार्य करेगी । साथ ही, आप सभी से समय-समय पर विभिन्न बिन्दुओं पर संवाद स्थापित कर, सुझाव लिए जाएँगे और तद्नुसार उन्हें उचित स्तर पर प्रस्तुत किया जाएगा । मानसेवी सचिव दीपक अग्रवाल द्वारा उपस्थित सभी साथी पदाधिकारियों एवं नव-निर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यगणों सहित सदस्यगणों एवं मीडिया से पधारे हुए प्रतिनिधियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया गया । पदभार ग्रहण करने के अवसर पर काफी संख्या में नव-निर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यगणों सहित प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया के रिपोर्टर्स एवं फोटोग्राफर उपस्थित थे ।

# केन्द्रीय मंत्री गडकरी आये, दतिया में मां पीतांबरा के किये दर्शन





**ग्वालियर।** देश के परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को दतिया में पीतांबरा पीठ के दर्शन कर पूजा अर्चना की। इसके बाद उन्होंने ओरछा में रामराजा सरकार के भी दर्शन किया।केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी सोमवार दोपहर को ग्वालियर आये और ग्वालियर आकर दतिया गये। यहां उन्होंने मा पीतांबरा और वनखण्डेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की। दतिया में मंत्री गडकरी के साथ गृहमंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा भी उपस्थित रहे। दतिया में पूजा अर्चना करने के बाद मंत्री गडकरी ओरछा के लिए प्रस्थान कर गए। ओरछा में श्री गडकरी ने रामराजा सरकार के दर्शन किये। दतिया में पत्रकारों से चर्चा में श्री गडकरी ने न्यू कोतवाली से मां पीतांबरा पीठ तक ओवर ब्रिज तथा मा पीतांबरा मंदिर के उत्तर गेट से एयरपोर्ट तक सडक को डबल और सुसज्जित बनाये जाने की घोषणा की।

# कांग्रेस ने नेताजी को नमन किया



**ग्वालियर।** कांग्रेस ने सोमवार को गोरखी स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती पर प्रतिमा स्थल पर नमन कर पुष्पांजलि अर्पित की। जयंती कार्यक्रम में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा, विधायक डॉ. सतीश सिकरवार, ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रभूदयाल जौहरे, प्रदेश प्रवक्ता अनुराधा सिंह एड, आनंद शर्मा, भैयालाल भटनागर, श्रीमती समाधिया, मेहबूब चेन वाले, हेवरन सिंह कंसाना, वीणा भारद्वाज, बेताल सिंह, पिंकी पंडित, अतुल पवार, जसवंत शेजवार, कुलदीप मगरैया, प्रताप राव महाडिक, संजीव दीक्षित, संजय फ?तरे, तरूण यादव, सौरभ जैन, गौरव शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद कुमार जैन, राजेश बाबू, कैलाश चावला, अभिषेक शर्मा, गणपत शाक्य, चेतन भार्गव, धीरज ढींगरा आदि उपस्थित थे।

# गिरेंगे नहीं तो खड़े कैसे होंगे :ऊर्जा मंत्री

**ग्वालियर।** कभी भी परीक्षा में असफल होने से हताश मत हो, क्योंकि जब तक हम गिरेंगे नहीं तो खड़े कैसे होंगे। आज मैं आपके सामने खड़ा हूँ मैं भी परीक्षा में असफल हुआ हूं, लेकिन धैर्य के कारण सफलता को हासिल कर पाया। इसलिए मन लगाकर पढो अपने माँ पिता नाम ऊँचा करो ! उक्त बात रविवार को ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने भाजपा द्वारा वृंदावन गार्डन 15 विधानसभा में संपन्न में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में शामिल छात्र-छात्राओं (एग्जाम वारियर्स) के साथ परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर कार्यक्रम में भाग ले रहे प्रतिभागियो को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अभय चौधरी ने विद्यालयों के बच्चो को पड़ाई में मेहनत करने और कभी हताश न होने की बात कही। जिसमें मुख्य रूप से डॉ नितेश शर्मा, डॉ पुनीत रस्तोगी, एडवोकेट जितेंद्र शर्मा, दारा सिंह मंडल अध्यक्ष, बृजमोहन शर्मा, प्रयाग




तोमर, मनमोहन पाठक उपस्थित रहे ।प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार इश्का परमार - ग्रीन वुड़ स्कूल, दूसरा पुरस्कार- पायल अहिरवार, शासकीय गलर्स स्कूल तथा तीसरा पुरस्कार - राजवर्धन राठौर - ग्रीन वुड़ स्कूल को मिला।कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती जी की पूजा कर कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा किया गया इस अवसर पर 610 छात्र-छात्राओं द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया।10 सर्वश्रेष्ठ,25 श्रेष्ठ पुरस्कारों प्रदान किए गए एवं सभी प्रतिभागी बच्चों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। कार्यक्रम प्रभारी अरुण कुलश्रेष्ठ, धर्मेंद्र राणा, डॉ वंदना भुपेन्द्र प्रेमी द्वारा अतिथियों को मोमेंटो भेंट किए गए एवं अतिथियों द्वारा ज्यूरी के सदस्यों को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया7 कार्यक्रम संयोजक अरुण कुलश्रेष्ठ, विनोद शर्मा सह संयोजक दारा सिंह सेंगर, वृज मोहन शर्मा, मनमोहन पाठक, प्रयाग सिंह तोमर, जिला संयोजक वंदना प्रेमी, हृदय रोग एकसपार्ट पुनीत रस्तोगी सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे।

# महिलायें आत्मनिर्भर बनेंगीं तो प्रदेश व देश भी आत्मनिर्भर बनेगा : भारत सिंह

**ग्वालियर ।** स्व-सहायता समूहों में संगठित होकर आत्मनिर्भरता की प्रेरणादायी गाथा लिख रहीं महिलाओं का विशाल सम्मेलन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। पीएम-एफएमई (प्रधानमंत्री सूक्ष्म, खाद्य, उद्यम उन्नयन योजना) एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत आयोजित हुए इस कार्यक्रम में मंत्री कुशवाह ने सिंगल क्लिक के जरिए विकासखंड मुरार व घाटीगाँव क्षेत्र की 3 हजार 89 महिलाओं के खाते में सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत लगभग 4 करोड़ 10 लाख रूपए की राशि पहुँचाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि हर परिवार की महिलायें आत्मनिर्भर बनें, जिससे पूरा परिवार, गाँव, जिला, प्रदेश व देश आत्मनिर्भर बन सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश जाटव ने की। सोमवार को यहाँ विक्रांत यूनिवर्सिटी के प्रांगण में आयोजित हुए स्व-सहायता समूहों से जुड़ीं महिलाओं के विशाल सम्मेलन में महिलाओं ने अपनी आत्मनिर्भरता की गाथा साझा की। इस अवसर पर राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कुशवाह एवं अन्य अतिथियों ने मंच से प्रतीक स्वरूप विभिन्न महिलाओं को सहायता राशि के चैक प्रदान किए और शॉल श्रीफल भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कुशवाह ने कहा कि परिवार की एक महिला आत्मनिर्भर होने से पूरा परिवार आत्मनिर्भर हो जाता है। इसीलिए केन्द्र व राज्य सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये कृतसंकल्पित होकर काम कर रहीं हैं। उन्होंने आह्वान किया कि स्व-सहायता समूहों से जुड़ीं महिलायें खाद्य प्रसंस्करण इकाईयाँ स्थापित करने के लिये आगे आएँ, सरकार इसके लिये 35 प्रतिशत तक अनुदान देती है। उन्होंने कहा कि उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा महिलाओं के खातों में पहुँचाई जा रही 40 ङ्क 40 हजार रूपए की राशि लौटाने की जरूरत नहीं होगी।




स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478